


Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 02.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 253 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## टीम इंडिया की परफॉर्मेंस से गौतम गंभीर नाराज

जनमार्ग न्यूज



**मुम्बई।** मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार हार के बाद खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद गंभीर ने पूरी टीम से कहा कि अब बहुत हो गया। गंभीर ने खिलाड़ियों के गलत शॉट सिलेक्शन पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना न्यूट्रल गेम खेलने का बहाना बनाने वाले खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश दिया कि उनको सिचुएशन के हिसाब से खेलना होगा। खिलाड़ियों को अपने तरीके से खेलने के लिए 6 महीने का समय दिया था, लेकिन अब यह सब खत्म हो गया है। अब से जो भी खिलाड़ी टीम के लिए मेरे प्लान के अनुसार नहीं खेलेंगे, उन्हें थैंक यू कह दिया जाएगा। गंभीर टीम में पुजारा को चाहते थे गंभीर ने इस सीरीज में चेतेश्वर पुजारा की वापसी की मांग की थी। गंभीर चाहते थे कि पुजारा टेस्ट टीम में वापस आएं, लेकिन सिलेक्टर्स ने मना कर दिया। 36 साल के पुजारा ने पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2018 के दौरे में सात पारियों में सबसे ज्यादा 521 रन बनाए थे। उन्होंने 21 के दौरे में भी 271 रन बनाए थे। पुजारा को गाबा टेस्ट में उनकी अहम भूमिका के लिए याद किया जाता है, जहां उन्होंने भारत को जीत दिलाने के लिए 211 गेंदें खेली थीं।

# भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे को दी परमाणु ठिकानों की जानकारी

» भारत ने 381 कैदियों की सूची सौंपी » नागरिकता की पुष्टि में तेजी लाने की मांग




जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार, 1 जनवरी को एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची की जानकारी दी। परमाणु प्रतिष्ठान वह जगह है, जहां परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा 1991 से एक समझौते के तहत चल रही है। भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस सूची का आदान-प्रदान किया। इसके साथ ही, भारत और पाकिस्तान ने क़ैदियों और मछुआरों के बारे में भी एक-दूसरे को जानकारी दी। 2008 में हुए बाइलैटरल एग्रीमेंट ऑन कांसुलर एक्सेस के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को ये सूचियां साझा की जाती हैं। 31 दिसंबर 1988 को दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ था। समझौते में तय हुआ था कि भारत और पाकिस्तान हर साल 1 जनवरी को एक-दूसरे से अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की लिस्ट साझा करेंगे। इसमें यह भी तय हुआ था कि दोनों देश एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं करेंगे। यह समझौता 27 जनवरी 1991 को लागू हुआ। पहली बार 1 जनवरी 1992 को दोनों देशों ने यह जानकारी साझा की थी। तब से हर साल 1 जनवरी को यह जानकारी साझा की जाती है। यह 34वीं बार था जब जानकारी साझा की गई। इस बात का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है, लेकिन स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़े बताते हैं कि भारत के पास जून 2024 तक 172 परमाणु हथियार थे। पाकिस्तान इस मामले में भारत के लगभग बराबर है। उसके पास 170 परमाणु हथियार हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत ने 381 पाकिस्तानी नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों की सूची पाकिस्तान को दी है। वहीं, पाकिस्तान ने 49 भारतीय नागरिक कैदियों और 217 मछुआरों की सूची साझा की है। भारत ने पाकिस्तान से 183 भारतीय कैदियों और मछुआरों, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है, को जल्द रिहा कर उनके नावों समेत स्वदेश लौटाने की मांग की है। साथ ही, भारत ने पाकिस्तान से 18 भारतीय नागरिकों और मछुआरों को कांसुलर एक्सेस देने का आग्रह किया है, जिन्हें अब तक यह सुविधा नहीं दी गई है।

## सरकार ने वसूला 1.77 लाख करोड़ जीएसटी

**नई दिल्ली (जनमार्ग न्यूज)।** सरकार ने दिसंबर 2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स, यानी जीएसटी से 1.77 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें 7.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार 1 जनवरी को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी दिसंबर 2023 में सरकार ने 1.65 लाख करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्ट किया था। वहीं, इस वित्त वर्ष यानी 2024-25 में अब तक 16.33 लाख करोड़ रुपए जीएसटी से आए हैं। एक महीने पहले यानी नवंबर में सरकार ने जीएसटी से 1.82 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे, जो पिछले साल नवंबर के मुकाबले 8.5 प्रतिशत ज्यादा था। वहीं नवंबर लगातार नौवां महीना रहा,जब मंथली कलेक्शन 1.7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में फर्टिलाइजर पर सब्सिडी को मंजूरी



● डीएपी खाद का 50 किलो का बैग 1350 में मिलता

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,850 करोड़ रुपये तक बढ़ाने का बुधवार को फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस फैसले से किसानों को डीएपी की 50 किलो वजन की एक बोरी 1,350 करोड़ रुपये में मिल सकेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीसीईए की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को जनवरी-दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने कहा कि सरकार के इस कदम का उद्देश्य किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मंत्रिमंडल ने किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 01.01.2025 से 31.12.2025 तक की अवधि के लिए एनबीएस सब्सिडी से परे डाय-अमोनियम फॉस्फेट पर एकमुश्त विशेष पैकेज को मंजूरी दी है। इसके तहत किसानों को डीएपी का 50 किलोग्राम का बैग 1,350 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा।

## पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को लीगल नोटिस

जनमार्ग न्यूज



**चंडीगढ़।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ का दिल लुमिनाटी म्यूजिक कॉन्सर्ट शुरू से ही विवादों में रहा है। अब चंडीगढ़ के एक असिस्टेंट प्रोफेसर पंडितराव धरेनवर ने दिलजीत दोसांझ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि 31 दिसंबर को लाइव शो में शराब, ड्रग्स पर गाने न गाने का आग्रह किया गया था। फिर भी सिंगर ने गाने गाए। शिकायत में पंडितराव धरेनवर ने बताया कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले में साल 2019 में पुलिस को निर्देश दिए गए थे। जिसमें सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब, ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने नहीं बजाए जाएं। इसके बावजूद दिलजीत ने ठेके, केस, पटियाला पेग जैसे गीतों में थोड़े बदलाव के साथ लुधियाना में पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में आयोजित कॉन्सर्ट में गाया।

## बोरबेल से मृत अवस्था में बाहर निकली चेतना

● अचेत अवस्था में कपड़े में लपेटकर निकाला

जनमार्ग न्यूज



**कोटपूतली।** कोटपूतली में बोरवेल में फंसी चेतना (3) को 170 फीट गहराई से दस दिन बाद बाहर निकाल लिया गया है। हालांकि बच्ची की जान नहीं बचाई जा सकी है। एनडीआरएफ की टीम ने बोरवेल के समानांतर एक सुरंग खोदकर बच्ची को बाहर निकाला। एनडीआरएफ राजस्थान के चीफ योगेश मीणा ने कहा कि बच्ची को अचेत अवस्था में निकाला गया है, जब उसे निकाला गया तब शरीर में कोई मूवमेंट नहीं था। बुधवार शाम 6 बजकर 25 मिनट पर तीन साल की चेतना को बोरवेल से बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ के जवान महावीर जाट सफेद कपड़े में लपेटकर चेतना को बाहर लेकर आए। इसके तुरंत बाद चेतना को एंबुलेंस से कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल ले जाया गया। चेतना 23 दिसंबर को किरतपुरा के बड़ियाली की ढाणी में 700 फीट गहरे बोरवेल में गिरी थी। इससे पहले भी उसे निकालने की 5 से ज्यादा कोशिश फेल हुईं थीं। पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर प्रशासन की प्लानिंग पर भी सवाल उठते रहे। बोरवेल में फंसी चेतना करीब 8 दिन से कोई मूवमेंट नहीं कर रही थी। रेस्क्यू ऑपरेशन करने वाले एनडीआरएफ के जवानों ने बताया कि चेतना की बॉडी मिट्टी के बीच फंसी हुई थी। बोरवेल में घुसने के बाद अंगुली से उसकी बॉडी के आसपास से मिट्टी हटाई और फिर उसे बाहर निकालकर लेकर आए। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कई तरह की दिक्कतें आ रही थीं। पत्थर उछलकर आंखों पर आ रहे थे। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। लेटकर पत्थर तोड़ने पड़ रहे थे।

## न्यू ईयर मना रहे लोगों पर ट्रक चढ़ाया, 10 की मौत

जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लुसियाना राज्य के न्यू ऑरलियन्स शहर में 1 जनवरी को एक शख्स ने जश्न मना रहे लोगों पर पिकअप ट्रक चढ़ा दी। इसमें कम से कम 10 लोगों की जान चली गई है। वहीं, 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। यह घटना बॉर्बन स्ट्रीट पर हुई। सीएनएन के मुताबिक वहां मौजूद लोगों ने बताया की तेज रफ्तार गाड़ी आई और भीड़ पर चढ़ा दी। इसके बाद उसमें से एक शख्स उतरा। उसने लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस फोर्स को भी फायरिंग करनी पड़ी। हमलावर शख्स पकड़ा गया है या नहीं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार ऐसा लगता है कि हमला जानबूझकर किया गया था।

## विधायक जयदीप बिहाणी का अभिनंदन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विधायक जयदीप बिहाणी का बुधवार को बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के निदेशक एवं प्राचार्यों की ओर से नववर्ष पर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर भावभीना अभिनंदन किया गया। सभी ने विधायक के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की और उनसे मार्गदर्शन करते रहने का आग्रह किया। विधायक जयदीप बिहाणी का स्वागत करने वालों में निदेशक राजेंद्र राठी, निदेशक (अकादमिक) डॉ. कविता चौधरी, सेठ जी.एल. बिहाणी सनातन धर्म विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिशुदेव बंसल, बिहाणी एसडी तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य संजीव ठक्कर, एसडी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी, एसडी शिक्षा महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. पल्लवी शर्मा और एसडी बिहाणी सीनियर सैकंडरी स्कूल के प्राचार्य अशोक ग्रोवर शामिल थे।

## होटल में परिवार के 5 लोगों की हत्या



● बेटे के साथ बाप ने पत्नी और चार बेटियों को मारा

जनमार्ग न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के एक होटल में बाप-बेटे ने अपने परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी। पत्नी और 4 बेटियों की हत्या के बाद पिता होटल से भाग गया। जबकि बेटा थाने गया। वहां पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे में 5 लोगों की लाश पड़ी थी। डीसीपी रवीना त्यागी ने बताया किबेटे अरशद (24) के साथ पिता मो. बदर ने पत्नी आसमां, 4 बेटियों आलिया (9), अक्क्षा (16), अल्शिफा (19) और राहीमीन (18) की हत्या कर दी। परिवार 30 दिसंबर को लखनऊ आया था। नाका इलाके के शरनजीत होटल में कमरा लिया। बेटे ने मर्डर करने के दौरान का वीडियो भी बनाया। इसमें पिता बच्ची का गला दबाते नजर आ रहा है। कमरे में लाशें पड़ी हैं। परिवार आगरा के इस्लाम नगर, टेढ़ी बगिया का रहने वाला था। शरनजीत होटल में कमरा नंबर-109 में ठहरा था। जांच के बाद पुलिस ने कमरा सील कर दिया। अरशद ने हत्या के दौरान वीडियो बनाया। इसमें आगरा में पड़ोसियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। कहा कि उन्होंने जीना हराम कर दिया। हमारे घर पर कब्जा करना चाहते हैं। हम 13 दिन से फुटपाथ पर सोने के लिए मजबूर हैं।

## सूरतगढ़ रोड पर बाऊ राधेश्याम चौक बनाने की स्वीकृति मांगी

● विधायक बिहाणी ने प्रयास करने का दिया आश्वासन ● राधेश्याम के जन्मदिन पर विशाल लंगर आयोजित

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक और एक बार मंत्री बने राजनीति के पुरोधा बाऊ राधेश्याम का सूरतगढ़ रोड पर चौक बनाने की स्वीकृति उनके परिवार ने नगर विकास न्यास से मांगी है। राधेश्याम के जन्मदिवस पर आज 82 जी ब्लॉक स्थित उनके निवास पर विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहुंचे स्थानीय भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी को बाऊ राधेश्याम के सुपुत्र और राजस्थान प्रदेश पंजाबी महासभा की श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ इकाइयों के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र राजपाल तथा परिवार के सदस्यों ने बाऊ राधेश्याम की स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए उनका चौक बनाए जाने संबंधी पत्र सौंपा। विधायक जयदीप बिहाणी ने चौक का निर्माण करवाने में अपनी ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि वे सरकार से चौक निर्माण की अनुमति दिलवाने के लिए पूरे प्रयास करेंगे। परिवारजनों ने सूरतगढ़ मार्ग पर हनुमान मूर्ति वाले चौराहे को बाऊ राधेश्याम चौक विकसित करने की स्वीकृति मांगी है।वीरेंद्र राजपाल और परिवार के अन्य सदस्यों ने नगर विकास न्यास को पत्र दिया है। वहीं कांग्रेस सांसद कुलदीप इंदौरा को भी पत्र की प्रति भिजवाई है। राधेश्याम के जन्मदिवस पर जहां बड़ी संख्या गणमान्य नागरिकों व प्रबुद्धजनों ने लंगर छका वही राहगीरों ने भी बड़े श्रद्धाभाव से लंगर ग्रहण किया। लंगर में पहुंचने वालों में विधायक जयदीप बिहाणी, पंजाबी भाषा अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रवि सेतिया, ट्रेडर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर डूडेजा, श्री अरोडवंश सनातन धर्म मंदिर (ट्रस्ट) के पूर्व अध्यक्ष रमेश मक्कड़, अजय नागपाल सोनू, कपिल असीजा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष अजय मेहता एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता ओम रावल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतपाल बिश्नोई, पूर्व पार्षद माणा वालिया, नगर परिषद के पूर्व सभापति महेश पेड़ीवाल और श्याम धारीवाल, भाजपा नेता मुकेश गोदारा एडवोकेट, भूपेंद्र चौधरी, सन्नी सेठी योगेंद्र शर्मा विजय भोला, राजेश आहूजा, राजेश नागपाल,अरोडवंश ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सन्नी नागपाल और कांग्रेस के कोषाध्यक्ष नरेश सेतिया आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। वीरेंद्र राजपाल ने सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

## बिजली विभाग का रुपयों से भरा बैग गायब

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** श्रीडूंगरगढ़ के ऊपनी गांव में स्थित बिजली विभाग के एक ऑफिस से चोर करीब 7 लाख रुपए ले गए। चोरी मंगलवार को हुई लेकिन साल के अंतिम दिन एफआईआर दर्ज नहीं करने की परंपरा को निभाते हुए श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने रात 12 बजकर 25 मिनट पर इस चोरी की एफआईआर दर्ज की। बिजली विभाग के ऊपनी दफ्तर से मंगलवार को एक चोर ने 7 लाख से अधिक रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया। कार्यालय के सहायक अभियंता नरेन्द्र सोनगरा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच सूचना मिली कि कार्यालय के रोकड़ शाखा में कैश कलेक्शन के 7 लाख 10 हजार रुपयों से भरा बैग किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हेड कॉन्स्टेबल धर्मेन्द्र कुमार को दे दी है।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें | E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

सम्पादकीय

## दर्द का जिम्मेदार कौन?

पिछले कुछ समय से प्रतियोगी परीक्षाओं में पर्चाफोड़, धांधली और अपारदर्शिता के आरोप लगातार लगते रहे हैं। इसे लेकर छात्र आंदोलन पर उतरते, अदालतों के दरवाजे खटखटाते देखे जाते हैं। बीता वर्ष शिक्षा के मामले में सबसे अधिक इसीलिए सुर्खियों में रहा कि उस दौरान लगातार परीक्षाओं पर विवाद उठते रहे। चाक-चौबंद माने जाने वाले राज्य सेवा आयोगों की परीक्षाओं में भी पर्चाफोड़ की घटनाएं हुईं। इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिए कराई जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर गंभीर आरोप लगे। कर्मचारी चयन आयोग, पुलिस भर्ती परीक्षा, यूजीसी की पात्रता परीक्षा आदि में पर्चाफोड़ के मामले सामने आए। कई परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं। कइयों में पर्चाफोड़ करने वाले गिरोह पकड़े गए। फिर भी स्थिति में सुधार की कोई सूरत नजर नहीं आती। अभी उत्तर प्रदेश राज्य सेवा आयोग की परीक्षा में सामान्यीकरण यानी 'नार्मलाइजेशन' के प्रावधान पर उठा विवाद ठंडा भी नहीं हुआ था कि बिहार राज्य लोक सेवा आयोग ने भी ऐसा ही फैसला सुना दिया, जिसे लेकर छात्र आंदोलन पर उतर आए। फिर बिहार राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में पर्चाफोड़ के तथ्य उजागर हो गए। इसे लेकर कुछ केंद्रों पर फिर से परीक्षा कराने का फैसला किया गया। मगर छात्रों ने मांग उठा दी कि पूरी परीक्षा दुबारा कराई जाए, ताकि परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे। इस मांग को रोकने के लिए बिहार सरकार ने छात्रों के खिलाफ दमन का रास्ता अख्तियार किया। इतिहास का सबसे बुरा विमान हादसा, दक्षिण कोरिया की एयर सर्विस को माना जाता है सबसे सुरक्षित, चली गई 181 लोगों की जान इस तरह की घटनाओं से प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित कराने वाले संस्थानों और उनकी पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर से युवाओं का भरोसा कमजोर हो चुका है। शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित कराने के मकसद से राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए का गठन किया गया। दावा किया गया कि प्रवेश परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा। मगर अपने गठन के शुरुआती चरण से ही यह एजंसी लगातार विवादों के घेरे में बनी हुई है। हर वर्ष कहीं न कहीं गलत पर्चा बंट जाने, देर से पर्चा बंटने या पर्चाफोड़ की वजह से विवाद छिड़ जाता है। इसके चलते कई बार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होता है। बीते वर्ष 'नीट' को लेकर पैदा हुआ विवाद अब तक का सबसे लंबा चला विवाद था। उसकी वजह से विद्यार्थियों का करीब एक पूरा सत्र बर्बाद चला गया।

## केंद्र की नई पहल और योजनाएं

पूरी दुनिया के साथ साथ वर्ष 2024 भारत के लिए भी बेहद खास रहा. देश में ऐसे कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम हुए, जिसने एक देश के रूप में भारत को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चाहे वो अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और देश के बुनियादी ढांचे का विकास हो या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में नीतियों और पहलों का निर्धारण. भारत की तरफ से दुनिया को यही संदेश दिया गया कि अब न केवल देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि मजबूत हाथों में भी है। हम आपको उन महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी वर्ष 2024 के दौरान एनडीए सरकार ने घोषणाएं कीं...आपको उन योजनाओं के बारे में भी बताएंगे जिनका विस्तार किया गया है। आपको उन नए कानूनों और विधेयकों के बारे में भी बताएंगे जिनका भारत की आम जनता के जीवन में सीधा सरोकार है। 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'भारतीय न्याय संहिता 2023', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023' को मंजूरी दी। ये नए आपराधिक कानून 1 जुलाई, 2024 को लागू हुए और पहले के आपराधिक कानूनों- भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ले ली। भारत सरकार ने 29 फरवरी, 2024 को पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी ताकि छत पर सौर ऊर्जा संयंत्रों के जरिए आवासीय घरों में बिजली पैदा करने के लिए सौर ऊर्जा क्षमता को बढ़ाया जा सके। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों के लिए घरों के निर्माण में सहायता करने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024 में 500 शीर्ष भारतीय कंपनियों के लिए एक नई इंटर्नशिप योजना की घोषणा की गई, जिसके तहत पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को कौशल प्रदान किया जाएगा। कैबिनेट ने 21 फरवरी, 2024 को अंतरिक्ष क्षेत्र पर एफडीआई नीति में संशोधन को मंजूरी दी. सुधारों का उद्देश्य अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई नीति प्रावधानों को उदार बनाना है। केंद्र सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा लाए गए भारत की सिविल सेवा पेंशन प्रणाली के 21 साल पुराने सुधार को उलट दिया, एक नई 'एकीकृत पेंशन योजना' का अनावरण किया, जो पुरानी पेंशन योजना के समान है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बायो ई3 (इकनॉमी, एनवायरमेंट और एंप्लॉयमेंट के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी, जो भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक बनने वाला है। इस बंदरगाह का उद्देश्य भारत के समुद्री अवसंरचना को बढ़ावा देना है। भारत की दूसरी अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बी, आईएनएस अरिघात को 29 अगस्त, 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले- जांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग बनाने की बात कही ताकि 'हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत किया जा सके। मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आय की परवाह किए बिना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर को मंजूरी दी। इस निर्णय से लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की संभावना है। कैबिनेट ने 18 सितंबर, 2024 को शुक्र ऑर्बिटर मिशन के विकास को मंजूरी दी. इस कार्यक्रम का उद्देश्य चंद्रमा और मंगल से परे शुक्र की खोज और अध्ययन करना है। कैबिनेट ने 20 नवंबर, 2024 को वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन को मंजूरी दी, जो विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक देशभर में पहुंच प्रदान करने की योजना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 दिसंबर 2024 को बहुचर्चित 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विधेयक को मंजूरी दी, जो लोक सभा, राज्य विधान सभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय जीवन बीमा निगम यानी कि एलआईसी की बीमा सखी योजना का लाभ 18 से 70 वर्ष तक की महिलाएं जो दसवीं कक्षा पास कर चुकी हैं ले सकती हैं। कैबिनेट ने आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए 79,156 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। इसमें 63,000 गांव शामिल होंगे।

# ऊर्जा-उल्लास से सराबोर हो नव वर्ष

यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे, क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे धकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, सर्वधर्म सम्भाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है।

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। ऊर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का बातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों ऐसी कामना करेंगे। यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे, क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे धकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म सम्भाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है। आइए हम समवेत प्रयास के जरिए आशान्वित हों कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खींचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं।

भारतीय जनमानस को इस नए साल में इसी उत्थान व विकास के बीज के प्रकीर्णन का संकल्प लेना होगा। इस बीज के प्रस्फुटन से ही देश में तरक्की का अमृत रस छलकेगा और सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा। तरक्की व सौहार्द के जुड़ाव से ही राष्ट्र व समाज की चेतना मजबूत होगी। नए संकल्पों के जरिए ही मनोकामनाओं की पूर्ति होगी। राष्ट्र का मान और शान बढ़ेगा। कामना करें कि यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण बने। इसी क्षण के संकल्पों के जरिए ही भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विघ्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने और मूर्त रूप देने की जरूरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस सिर्फ अपने आसपास सकारात्मक विचारों को प्रसारित करने की जरूरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरूकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौर करें तो हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े स्वयंसेवी संगठन इस पुनीत कार्य में जुटे हैं। अगर यहीं कार्य हर संपन्न व्यक्ति



के स्तर से हो तो समाज के अभावग्रस्त लोगों की जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। अगर ऐसा हो तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। यह सकारात्मक संदेश रूपी ऊर्जा ही किसी राष्ट्र को दुनिया के अग्रिम देशों की कतार में खड़ा करती है। उसके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है। अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। हम भी ऐसा कर गांधी जी के रामराज वाले सपने को साकार कर सकते हैं।

देश की तकरीबन सभी सरकारें इस दिशा में सकारात्मक पहल कर रही हैं। रैन बसेरों के जरिए बेघर लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं, लेकिन बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है। हम हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद कर देते हैं। अगर हम इसी भोजन को जरूरतमंदों तक पहुंचा दें तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिल जुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देती है। हमें उन आजमाए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव और जागरूकता की कमी है। हम चाहे तो उन्हें आसानी से सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं। विचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गई है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण से जान गंवा रहे हैं। उनकी उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार है। देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। विगत दशकों में हर छोटे-बड़े समारोहों में शराब सेवन का प्रचलन बढ़ा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। शराब सेवन के कारण समाज में अपराध और बलात्कार जैसी बुराइयां बढ़ रही हैं। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति बढ़ी हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और धूम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए।

भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है, लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। अभी गत वर्ष ही देश में कुछ नीतिगत मसलों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और उपद्रव देखने को मिला। इस उपद्रव में बड़े पैमाने पर युवा चेहरे शामिल देखे गए। यह ठीक नहीं है। राष्ट्र निर्माण में युवा ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी है और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए।

सच तो यह है कि युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। आइए हम इस नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

## बड़े भाग मानुष तनु पावा

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।

## गुरु ज्ञान से व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

# सुबह जल्दी उठना, संयमित खाना, वक्त का पाबंद होना

## दुनिया के सफल लोगों की वो आदतें, जो जानना जरूरी



नया साल लोगों के लिए तमाम उम्मीदें लेकर आता है। हर कोई नए साल की शुरुआत नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ करना चाहता है। हालांकि किसी भी व्यक्ति की सफलता की सीढ़ी का पहला पायदान उसकी अच्छी आदतें होती हैं। ये आदतें ही उसे बेहतर और सफल बनाने में मदद करती हैं। अगर आप भी नए साल पर सफलता हासिल करना चाहते हैं तो अपनी आदतों में बदलाव करना जरूरी है। इसके लिए दुनिया के कुछ सफल व्यक्तियों की सिर्फ एक-एक आदत अपने जीवन में उतार लें तो निश्चित ही सफलता आपके कदम चूमेगी। दुनिया में जितनी भी महान और कामयाब शख्सियतें हुईं हैं, उन सभी में एक चीज कॉमन थी कि वह हमेशा से वही बनना चाहते थे, जिसका उन्होंने सपना देखा था। उन्होंने अपने जीवन में कई बार असफलताएं भी देखीं, लेकिन इसके बाद भी हार नहीं मानी। वह असफलताओं से लगातार सीखते रहे और निरंतर प्रयास करते रहे। नीचे ग्राफिक में दुनिया के सफल लोगों की 10 ऐसी आदतों के बारे में जानिए, जो आगे चलकर सफलता की कुंजी बनीं। दुनिया के सबसे बड़े वैज्ञानिकों में से एक अल्बर्ट आइंस्टीन की दिनचर्या काफी सरल थी। वह वर्क, रेस्ट और पर्सनल टाइम के बीच संतुलन बनाए रखने में विश्वास करते थे। उनका मानना था कि सुबह जल्दी उठने से अपने काम और पर्सनल एक्टिविटीज पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय मिलता है। अल्बर्ट आइंस्टीन से सीखकर सूर्योदय के साथ उठने की आदत हम अपने जीवन में उतार सकते हैं, जो कि सफलता के लिए बेहद जरूरी है। सफलता हासिल करने के लिए समय की कीमत को समझना बेहद जरूरी है। दुनिया में जितने भी सफल लोग हुए हैं, वे जीवन के एक-एक पल को कीमती मानते हैं। भारत के जाने-माने बिजनेसमैन रतन टाटा भी समय के बड़े पाबंद थे। सफलता के शिखर पर होने के बावजूद वह सुबह 6 बजे उठ जाते थे और रात के 9 बजे तक लगातार अपने काम में व्यस्त रहते थे। वह अक्सर सुबह से शाम तक मीटिंग्स अटेंड करते थे। रतन टाटा से हम हमेशा समय का पाबंद रहना सीख सकते हैं। महात्मा गांधी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते थे। वह हर रोज कई किलोमीटर पैदल चलते थे। हमेशा शुद्ध शाकाहारी भोजन करते थे। गांधी जी दूध, अनाज, फल और हरी सब्जियां खाते थे और दूसरों को भी इन्हें खाने की सलाह देते थे। गांधी जी से हम संयमित भोजन के साथ जीवनयापन करने की आदत सीख सकते हैं। पॉजिटिविटी के बिना सफलता संभव ही नहीं है। भारत के 11वें राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से कठिन परिस्थितियों में भी पॉजिटिव रहना सीखा जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन में काफी उतार-चढ़ाव का सामना किया, लेकिन कभी भी निगेटिविटी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स दुनिया के उन लोगों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत व लगन के दम पर अपार दौलत और शोहरत हासिल की है। उनका मानना है कि 'अगर आप गरीब पैदा हुए हैं तो यह आपकी गलती नहीं है, लेकिन अगर आप गरीबी में ही मर गए तो यह आपकी गलती है।' बिल गेट्स सफलता हासिल करने के लिए रिस्क लेने में यकीन रखते हैं। अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म एक गरीब अश्वेत परिवार में हुआ था। उनका जीवन बहुत संघर्षों और मुश्किलों से भरा था, लेकिन उन्होंने हर विषम परिस्थिति का डटकर मुकाबला किया। उनका मानना था कि 'हारने के बाद भी लगातार कोशिश करते रहें तो सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी।' दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क अपने लक्ष्य को किसी भी कीमत पर हासिल करने की प्रेरणा देते हैं। उनका मानना है कि अगर आपके लिए कोई काम बहुत महत्वपूर्ण है तो आप इसे किसी भी कीमत पर पूरा करेंगे। भले ही हालात आपके खिलाफ हों। आपके दिमाग में सिर्फ यही बात होगी कि आप उस लक्ष्य को किसी भी कीमत पर हासिल करें। इलॉन मस्क से हम अपने लक्ष्य को प्रिऑरिटी देना और उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना सीख सकते हैं। गलतियां करना मानवीय स्वभाव है। लेकिन उन गलतियों से जो सबक लेता है, वही सफल होता है। दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग गलतियों से सीखने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने एक बार कहा था, मैंने अब तक कंपनी चलाने में बहुत सारी गलतियां की हैं। मैंने लगभग हर वह गलती की है, जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने अपनी हर एक गलती से सबक लिया और आज वह दुनिया के सबसे कम उम्र के अरबपतियों में से एक हैं। जुकरबर्ग से हम गलतियों को न दोहराने की आदत सीख सकते हैं। नेल्सन मंडेला से सीखें हार नहीं मानना साउथ अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने भी अपने जीवन में काफी मुसीबतों का सामना किया, लेकिन उन्होंने हिम्मत कभी नहीं हारी। उनका कहना था कि एक बड़े पहाड़ पर चढ़ने के बाद यही पता चलता है कि अभी ऐसे कई पहाड़ चढ़ने के लिए बाकी हैं। नेल्सन मंडेला ने दक्षिण अफ्रीका में सदियों से चले आ रहे रंगभेद और नस्लवाद के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। इसके चलते उन्हें 27 साल जेल में गुजारने पड़े। लेकिन मंडेला ने अपने प्रयासों को नहीं छोड़ा और अंत में जीत हासिल की।

CMYK

# जनमार्ग

सिटी न्यूज

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 02 जनवरी 2025

3

JANMARG news

जनमार्ग



## डॉ. शुभम सेतिया का चिकित्सा अधिकारी पद पर चयन



**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** हनुमानगढ़ के निवासी डॉ. शुभम सेतिया ने चिकित्सा अधिकारी (दंत) के पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। जुलाई 2024 में आयोजित चिकित्सा अधिकारी (दंत) की परीक्षा में सामान्य श्रेणी में उनका चयन हुआ। उनकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डॉ. शुभम सेतिया ने हाल ही में अपनी पहली पोस्टिंग हनुमानगढ़ जिले के सीएचसी फेफाना में कार्यग्रहण कर शुरू की है। उनके पिता एन.एम. कॉलेज ऑफ फार्मेसी, हनुमानगढ़ में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के समर्थन और कड़ी मेहनत को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों और परिचितों ने उन्हें बधाइयां दीं। यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। डॉ. शुभम सेतिया का चयन हनुमानगढ़ क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# 'आगमन 2025 गुरु की गोद में' कीर्तन दरबार मे जुड़ी हजारों संगतें






जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जैकारे गूंजते ही एकदम से हाल की लाइटें जली और संगत ने आंखे खोली तो नववर्ष में उन्हें सबसे गुरु ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन हुए। बस इसी भावना के तहत संगतें शाम 7 बजे ही गुरद्वारा बाबा दीप सिंह जी मे जुटना शुरू हो गई थी। सबसे पहले बाबा जगदेव सिंह जी ने रहरास साहिब जी का पाठ किया। । गुरद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार तेजिंदर पाल सिंह टिम्मा ने बताया कि रहिरास साहिब के पाठ के बाद आत्म रस कीर्तन कौंसल श्री गंगा नगर के रागी जत्थों ने देहि शिवा वर मोह एहै शुभ करमन ते कबहुँ न टरों, सतिगुर की सेवा सफल है जे को करै चित लाकै, वधाइयाँ गुर सिक्खां मन वधाइयाँ, शब्द गायन कर संगतों ने निहाल किया। उपरांत दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई महादीप सिंह ने शब्द मौकों तार ले रामा तार.., नासूरो मनसूर गुर गोबिंद सिंह, लेखे कते ना छूटिए खिन्न खिन्न भूलनहार। बुशनहार बख्श ले नानक पार उतार। कबीर एक घड़ी आधी घड़ी आधी हूं ते आध। भगतन सेती गोष्ठे जो किनो सो लाभ के शब्द गायन कर संगत को निहाल किया। नए साल की शुरुआत से पहले सारे हाल की लाइटें बंद कर संगत ने वाहिगुरू सिमरन किया। नए साल का आगमन होते ही जैकारों की गूंज में संगतों ने सबसे गुरु ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन किये। फिर फूलों की वर्षा कर गुरु साहिब का शुकराना कर सरबत के भले की अरदास किये।



**उत्साह चरम पर:** नए वर्ष के आगमन को लेकर संगतों में उत्साह चरम सीमा पर था।आठ बजते ही पूरा हाल भर गया व संगतें बाहर सड़क पर बैठकर ही समागम का आनन्द लेती रही। सेवादार ठिठुरती ठंड में नँगे पांव संगतों के लिए गर्म दूध व लंगर की सेवा से लेकर बर्तन साफ करने की सेवा भी निभाते रहे। छोटे छोटे निहंग सिंह सेवादारों ने बड़ी भावना व सोच के सातवनववर्ष पर बच्चों को गुरु घर बुलाने के लिए चाउमीन,कटलेट्स व न्यूडल्स का लंगर लगाया जिस की सभी ने सराहना की। समाप्ति पर आतिशबाजी हुई व रणजीत अखाड़ा के मरजीवड़ों ने हैरतअंगेज गतके के जौहर दिखा लोगों को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया।

**सेवा का जनून:** अत्यधिक ठंड में खुले आसमान के नीचे जिस तरह सेवादारों ने नंगे पांव सतनाम वाहिगुरु का जाप करते हुए बर्तन धोने की सेवा निभाई। उसे देख हर कोई आश्चर्यचकित रह गया।

## विकलांग युवती को दंपती को बेचा

### महिला ने किया अपहरण, व्यक्ति ने किया रेप, मौका पाकर मामा को किया फोन

जनमार्ग न्यूज

**सोहना।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले के सोहना शहर थाना के अंतर्गत एक विकलांग युवती का एक महिला ने अपहरण कर उसे एक दंपती को बेच दिया। इसके बाद आरोपी ने लगातार उसके साथ रेप किया। परेशान युवती ने मौका पाकर फोन कर अपने परिजनों को बुलाया। उसके बाद महिला ने खुलासा किया। महिला की शिकायत पर सोहना पुलिस ने दो महिलाओं सहित एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया, लेकिन अभी तक इसमें कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित युवती के मामा ने बताया कि उसकी विकलांग भांजी काफी समय से उसके पास रहती है, जो कि 21 दिसंबर को घर से गायब हो गई। जिसे वह आसपास तलाश करता रहा। 30 दिसंबर को उसे पता चला कि खेड़ा खलीलपुर में उसकी भांजी मौजूद है। वह अपने गांव के कुछ लोगों को लेकर पहुंचा, वहां से अपनी भांजी को वापस लेकर आया। पीड़ित युवती ने बताया कि उसे रामपुर निवासी धनपति नाम की महिला ने उसे पहाड़ के रास्ते से अगवा कर लिया। वह धर्मी व शकुंतला नाम की एक महिला को बेच दिया।

## बीरबलराम गांधी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** स्वर्गवास श्री बीरबल राम गांधी की तीसरी पुण्यतिथि पर ग्राम पंचायत अमरपुरा थेडी के राजकीय विद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख कविता मेघवाल व पीसीसी सदस्य भूपेंद्र कड़वा थे। इस मौके पर शिविर में अर्पण ब्लड बैंक टीम द्वारा 51 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। शिविर में महिलाओं व युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़, चेतराम खीचड़, पूर्व नगरपरिषद उपसभापति अनिल खिचड़, वीरेंद्र गाँधी, दीपक शर्मा, श्योपत पंवार, विक्रमजीत माहयच, ओमप्रकाश गांधी, शिवशंकर राठी, सरवन सुथार, बलविंदर सिह बराड, भगवान सिह, डीपी बरोड, असलम खां, हर्ष, त्रिशूल, संदीप, जितेंद्र, अनीस, विनोद, गुरमेल, सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

## अवैध पार्किंग के विरोध में भगतसिंह सेना ने नगर परिषद के खिलाफ खोला मोर्चा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भगत सिंह सेना श्रीगंगानगर का एक शिष्ट मण्डल प्रमुख नवीन भगत व अध्यक्ष नवीन डाबला के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलक्टर से मिला व शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था व सड़क पर बनाई गई अवैध पार्किंग के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि एक ओर शहर की सड़कों पर अतिक्रमण होने से सड़कों की चौड़ाई कम हुई है जिससे शहर की यातायात व्यवस्था ठप्प गई है वहीं नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने की बजाए स्वयं ही अतिक्रमण कर आय का जरिया बना लिया है। नगर परिषद ने गोल बाजार पब्लिक पार्क के बाहर सड़क पर ही पार्किंग का ठेका देकर पेड पार्किंग की व्यवस्था कर रखी हैँ गोलबाजार के आस-पास व्यापारिक गतिविधियों की वजह से सड़क पर भीड़ रहती है नगर परिषद ने दुकानदारों से सामान सड़क पर ना रखने की अपील कई बार की लेकिन स्वयं के अवैध पेड पार्किंक को बंद नहीं किया । यही नहीं कलेक्ट्रेट की दीवार के साथ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से गंगासिंह चौक तक सड़क पर पार्किक को ठेकेदार के हवाले कर पेड पार्किंग शुरू कर रखी है साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए नगर परिषद के कब्जे में बनी दुकानोंको खुलवा अवैध वसूली शुरू कर रखी है जबकि इन दुकानों पर उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद निशानदेही कर शहर के अवैध कब्जे हटाने के आदेश थे जिसमें गोलबाजार, रविन्द्र पथ रोड पर स्थित दुकानें बाहरी ऑप्टीकल्स एवं कैफे वाली लाईन है।



ज्ञापन में अवगत करवाया गया कि नगर परिषद द्वारा दोनों पार्किंग कई वर्षो से बना रखी है इससे पूर्व भी कई बार लिखित शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। ज्ञापन में शहर के अतिक्रमण हटाने वाली नगर परिषद द्वारा सड़क पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने के आदेश जारी किए जावे अन्यथा भगतसिंह सेना श्रीगंगानगर को जन साधारण को साथ लेकर नगर परिषद के खिलाफ आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। शिष्ट मण्डल में सचिव अशोक हिन्दुस्तानी, सह-सचिव मोहन सोनी, कानूनी सलाहकार मुकेश देहड़ान शामिल थे।



## श्री नानक दरबार गुरुद्वारा में नववर्ष पर निशान साहिब को चोला वस्त्र पहनाया

### ❑ संगत को गर्म दूध पिलाया

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय श्री नानक दरबार गुरुद्वारा में बुधवार को सफर शहादत को समर्पित कर साहब जादो व माता गुर्जर कौर दे पवन शहीदी दिहाड़े व नव वर्ष की उपलक्ष में निशान साहिब का चोला वस्त्र पहनाया गया इस चोले की सेवा टीचर स्वर्ण जीतकौर जस्सल ने की इस दौरान पाठी दर्शन सिंह ने नितनेम जाप वाहेगुरु नाम का सिमरन किया इस दौरान बहनों ने शब्द कीर्तन में भजन बाबा जी दी बाणी सारे जग नालों मीठी है....गुरु जस सुना कर संगत को निहाल किया इसके बाद गुरु अरदास कर संगत में प्रसाद बांटा गया गुरुद्वारा के प्रधान दर्शन सिंह कामरा ने बताया कि बुधवार को देग प्रसाद किन्नर पप्पू माई, रजनी माई व मुस्कान द्वारा दूध, बर्फी और 1100 की सेवा प्रदान की गई है वहीं अन्य सेवादारों द्वारा गुरु के वस्त्र भेंट किए गए।

## खाटू श्याम जीएलटी में शिरकत करेंगी लॉयनवाद की अनेक विभूतियां



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विश्व की सब से बड़ी समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई प्रथम के सहप्रान्तपाल (द्वितीय) एमजेएफ आशुतोष वशिष्ठ के नेतृत्व में खाटूश्याम की पावन धरा पर स्थित द्वारकेश भवन में दो दिवसीय ग्लोबल लीडरशिप टीम (जीएसटी) आरम्भ कार्यक्रम 4 व 5 जनवरी को आयोजित होगा।इसमें लॉयनवाद की अनेक हस्तियां शिरकत करेंगी। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि इस सेमिनार में राजस्थान व मध्यप्रदेश के 400 से अधिक लॉयन सदस्यों व पदाधिकारियों ने पंजीकरण करवाया है। सह प्रांतपाल आशुतोष वशिष्ठ के अनुसार मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा, विशिष्ठ अतिथि एमजेएफ जयप्रकाश त्रिपाठी (सहप्रांतपाल द्वितीय 3233 जी-1), फैकल्टी एमजेएफ विनोद वर्मा जीएलटी एरिया लीडर, एमजेएफ अविनाश शर्मा (पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन) व एमजेएफ मोनिंदर सिंह चंडोक (एलसीआईपी सर्टिफाइड ट्रेनर एंड कोच) सहित अनेक अंतराष्ट्रीय स्तर की हस्तियां कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। पीआरओ (मध्यप्रदेश) प्रशांत वाजपेयी के अनुसार पूर्व प्रांतपाल केसी बंसल (फाइनेंस एडवाइजर) पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ अंजना जैन (कार्यक्रम सलाहकार), कार्यक्रम कन्वीनर पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ अशोक ठाकुर, एमजेएफ आलोक अग्रवाल व एमजेएफ सुनील गोयल रहेंगे। मीडिया चेयरमैन एमजेएफ मीनू भारतीय ने बताया कि इस दौरान प्रांतीय व अंतरराष्ट्रीय अनुभवी लॉयन लीडरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** आज रावतसर धानमंडी के रेस्ट हाउस में भारत के सपूत पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बेहतरीन कार्यकाल और जीवनी पर प्रकाश डाला गया इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष देवीलाल मटोरिया बद्री राम सिराव सरपंच जोरावरपुरा जिला संयोजक किसान कांग्रेस जेपी गोदारा गुरूसेवक वरतिया संजीव भादू प्रमोद बिससू मदन बेहडा रोहिताश धानक सुनिल कुमार संजय अजय कुमार रोहित कुमार अजय सिंह सुधीर कुमार, महेंद्र कुमार, रामलाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे!

## संगतपुरा चिकित्सालय में आयुष्मान मेले का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**दौलतपुरा।** आयुष्मान आरोग्य मेला संगतपुरा के चिकित्सालय में मंगलवार को आयोजित किया गया जिसमें संगतपुरा व आस पास के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सम्बंधी नि:शुल्क जांचे व उपचार किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरभि सहारण ने बताया कि इस शिविर में 280 पुरुष/महिला लाभान्वित हुए व विविध रोगों की 760 नि:शुल्क जांचें की गई । जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, आयुष व आयुर्वेद के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी । चिकित्साधिकारी प्रभारी ने सभी चिकित्सा कर्मियों का आभार जताया। इस शिविर में नशा मुक्ति के लिए भी ग्रामीणों को शपथ ग्रहण करवायी गई।शिविर में योग प्रशिक्षण प्रशिक्षित विनोद कुमार द्वारा लोगों को योग करवाया गया और योग के बारे में लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया गया इस अवसर पर डां सुरभि सहारण चिकित्सा अधिकारी प्रभारी,बलकार सिंह नर्सिंग आफिसर, राकेश कुमार ,पुन्नू राम फार्मासिस्ट, सुनील कुमार ,गुरजोत सिह, अमित कुमार, विनोद कुमार, सुरेंद्रजीत कर,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



CMYK



वैसे तो जीवन का हर पल ही नया होता है, अभूतपूर्व होता है। लेकिन जब एक निश्चित कालावधि बीतती है तो आने वाले समय के प्रति मन में उमंग, उत्साह और आशाएं हिलोरें लेने लगती हैं। ये आशाएं तभी फलीभूत हो सकती हैं, जब हम पूरी सकारात्मकता के साथ ना केवल शुभ संकल्प लें, उन्हें पूरा करने के लिए प्रयास भी करें। साथ ही हम अपने तन-मन का, अपनों का और पूरी मनुष्यता की बेहतरी के लिए भी संभव प्रयास करने का संकल्प लें।

# नव उमंग-उत्साह नव नववर्ष के नवसंकल्प

एक और नया साल हमारे सामने है। वसंत की पृष्ठभूमि लिखी जा रही है। कुछ पुराना छूटने को है, तो कुछ नए के प्रति मन आशा, उमंग और उल्लास से सराबोर है। वास्तव में, नएपन का बोध व्यक्ति को ऊर्जा से भर देता है। नया साल 2025 इस ऊर्जा को नई दिशा देने के संकल्प से भरने का समय है।

## संबंधों में बनाए रखें संतुलन

यह दुनिया संबंधों की है। हम अपनी सफलता-असफलता को भी अकसर इसी संदर्भ में आंकते हैं। सफलता नए संबंध जोड़ती है, लेकिन उससे उपजा अहंकार हमारे बरसों पुराने संबंधों में तल्खी भी ला देता है। नया साल इनके बीच संतुलन बिठाने और अप्रिय प्रसंग से ऊपर उठने का अवसर है। नए संबंध बनाएं, लेकिन पुराने में भी आत्मीयता बने रहने दें। इससे हमारा कद और ऊंचा होगा, मान-सम्मान बढ़ेगा। हम यह भी कभी ना भूलें कि कोई भी असफलता स्थायी नहीं है। जीवन में हमेशा एक से अधिक विकल्प मौजूद होते हैं। किसी असफलता विशेष को बड़ा मुद्दा ना बनने दें, खुद पर हावी ना होने दें और निरंतर आगे बढ़ने की सोचें। वास्तव में, सफलता-असफलता से इतर एक बेहतर मनुष्य होना, कहीं बड़ी चुनौती है। इसलिए सफल होने के प्रयासों के साथ ही हम बेहतर इंसान बनने की दिशा में हमेशा प्रयत्नशील रहें, ऐसा संकल्प हमें नूतन वर्ष के लिए करना चाहिए।

## आभासी दुनिया में ना हों गुम

हम सब एक ऐसे दौर में हैं, जब अधिकतर लोगों का काफी समय आभासी दुनिया (सोशल मीडिया) में गुम हो रहा है। निस्संदेह सोशल मीडिया ने रचनात्मकता के नए मंच दिए हैं, जिसमें हम सबके लिए अपने को अभिव्यक्त करने का अवसर उपलब्ध हुआ है। लेकिन हममें से अधिकांश अपना बेशकीमती समय दूसरों के बनाए रील्स और एकतरफा विचारों की भीड़ में खो रहे हैं। सोशल मीडिया ने हमें अपनी कठपुतली बना लिया है और पर्सनल स्पेस के नाम पर हम दिन-रात ऐसी निरर्थक, भ्रमित करने वाली चीजें देख रहे हैं, जिनसे हमारा ना तो कोई हित सधता है और ना ही हम अपनी क्षमताओं का उपयोग कर पा रहे हैं। हम कभी ना भूलें कि समय से बढ़कर कुछ नहीं। व्यावहारिक जीवन में वास्तविक रिश्तों और मित्रों से जुड़े रहें, वे ही हमारे सुख-दुख के सच्चे साथी हैं।

## सेहत का रखेंगे पूरा ध्यान

जीवन में सबसे बड़ी नियामत स्वास्थ्य ही है। अगर हम बीमार हैं, तो चाहे जितना कमा लें, सुखभोग नहीं कर पाएंगे। आज के दौर में अधिकतर महत्वाकांक्षी, बड़ी कंपनियों में उच्च वेतन पर नौकरी करने वाले युवाओं के पास आराम का समय नहीं है, वे अपनी सेहत से लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। अधूरी नींद और काम के तनाव से मानसिक रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बड़ी संख्या में युवा अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं। बीमारी का मसला व्यक्तिगत नहीं होता, वह पूरे परिवार को प्रभावित करता है। नया साल अच्छी सेहत के लिए संकल्प लेने का एक सुअवसर है। खूब कमाएं, खाएं आनंद करें, लेकिन सेहत को नजरअंदाज बिल्कुल ना करें।



## धनार्जन जरूरी है लेकिन

आज का समय आर्थिक उन्नति का दौर है। खासकर विगत कुछ वर्षों में कमाई के नए रास्ते खुले भी हैं और हम सबकी आमदनी में काफी इजाफा हुआ है। आर्थिक संपन्नता बेशक भविष्य के प्रति आश्वस्त तो करती ही है, रचनात्मकता को नए आयाम भी प्रदान करती है। लेकिन धनार्जन की ऐसी अंधी दौड़ का हिस्सा ना बने, जहां कई पीढ़ियों के लिए संपत्ति जुटा लेने की चाहत में हमारा चैन ही खो जाए। असली और सबसे बड़ा धन विवेक है। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'जहां सुमति तहं संपति नाना।' धन खर्चने के साधन भी सीमित ही होते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि हम सब कुछ पा लेने के बाद भी भीतर से खुश हैं या नहीं। जिसके पास खुशी है, वही सुखी है, वही सबसे धनी है।



## बने रहें सकारात्मक

संभव है, बीत रहे वर्ष में हमने जो संकल्प लिए, उनमें से कुछ पूरे हुए और कुछ अधूरे रहे होंगे। ऐसे में सकारात्मकता के साथ अपने हर प्रयास का मूल्यांकन करें। आने वाले साल में 'बीती ताहि बिसारिए' की तर्ज पर नई ऊर्जा के साथ नए संकल्प से भरने का प्रयास करें। जिसके भीतर जज्बा है, मंजिल उससे बहुत दूर नहीं रहती। लेकिन मंजिल हमारे लिए ठहराव का कारण ना बनने पाए। ओशो कहते हैं कि जीवन का कोई लक्ष्य नहीं है, जीवन स्वयं में एक लक्ष्य है। चरैवेति की संकल्पना इसलिए ही की गई है। हम भी हमेशा आशावान और सकारात्मक बने रहें।

## बढ़ाएं अपनेपन का दायरा

नए वर्ष में ही नहीं आने वाले तमाम वर्षों में दुनिया निरंतर बेहतर हो इसके लिए हम सब इंसानों को बेहतर बनने का प्रयास करना होगा। बेहतर इंसान वह है, जिससे मनुष्यता थोड़ी और समृद्ध हो। यह समृद्धि आत्मज्ञान और अच्छे के लिए पहल करने से आएगी, अपनेपन का दायरा बढ़ाने से आएगी। ज्योतिषी कहते हैं, 2025 मंगल का साल है। इस साल मंगल सात बार अपनी राशि बदलेगा। मंगल को ऊर्जा का कारक माना गया है और ऊर्जा के सात चक्र हैं। ऊर्जा के ये सभी चक्र जागृत हों और इस पूरे वर्ष हम सबके प्रति भी मंगल की भावना प्रबल हो। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ नववर्ष मुबारक! *

## करें ध्यान, चित रखें शांत

**समस्या व्यक्ति** के भीतर की हो या देश-दुनिया की, उसकी जड़ यह है कि हमारे भीतर से आध्यात्मिकता विदा हो रही है। हम शांत चित्त नहीं रह पा रहे हैं। श्रेष्ठ दिखने और स्वीकार किए जाने की चाहत संघर्ष को जन्म दे रही है, जिसका कोई अंत नहीं है। दुनिया को धार्मिक नहीं, आध्यात्मिक लोग चाहिए। विश्व संस्कृति को भारत की जो मूल देन है, उनमें से एक है- ध्यान। यह स्वागत योग्य है कि संयुक्त राष्ट्र ने बीत रहे वर्ष में विश्व ध्यान दिवस (21 दिसंबर) मनाने की शुरुआत की है। ध्यान अपने मूल रूप में शांत और स्वस्थ रहने का माध्यम भर नहीं है। ध्यान का मूल प्रयोजन शरीर से परे होने का अनुभव करना है। इस अनुभव पर हम सबका अधिकार है। नए वर्ष में हम इस दिशा में भी जरूर आगे बढ़ें।





## बना रहे प्रकृति का सान्निध्य

**प्रकृति हमारे** चारों ओर है, उससे मिलने वाले संसाधन निःशुल्क हैं। प्रकृति का अर्थ समुद्रतट या हिल स्टेशन मात्र से नहीं है। हम प्रकृति के जितने निकट जाएंगे, उतने ही प्रकृति की विराटता को जान स्तब्ध रह जाएंगे। जितने भी संबुद्ध पुरुष हुए हैं, उन सबके जीवन में प्रकृति से निकटता रही है। अकसर हमारा ध्यान ही इस तरफ नहीं जाता कि प्रकृति हमारे लिए कितनी सुलभ है। प्रकृति हमें शांतचित्त तो करती ही है, जीवन को उसकी गहराई में, वास्तविकता में जानने-समझने का मौका भी देती है। समुद्रतट और हिल स्टेशनों पर जाना हमें इसलिए अच्छा लगता है कि वहां हम अनायास ही मौन में उतर जाते हैं। वह मौन हमारे भीतर की मूल प्रकृति है। उसमें हमें अभूतपूर्व शांति मिलती है।

# ये सूत्र नववर्ष में दिलाएंगे मनचाही सफलता

नववर्ष में आप पिछले वर्ष से और अधिक सफल और समझदार बनना चाहेंगे, इसके लिए आपको कुछ सूत्र अपनाने होंगे। इन्हें जब आप अमल में लाएंगे तो सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

**जरूरी बातों पर ध्यान केंद्रित करें:** सर्वप्रथम उन्हीं बातों पर अपना ध्यान केंद्रित करें, जो आपके लिए जरूरी है, इन्हें आप नियंत्रित भी कर सकें। लोगों या परिस्थितियों पर अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित करना भी सीखें। सफलता के लिए यह बहुत जरूरी है।

**हर किसी से सीखें अच्छी बातें:** लोगों में बुराई नहीं अच्छाई ढूंढें। तभी आपको नए अनुभव प्राप्त होंगे। हर किसी में कोई ना कोई अच्छाई जरूर होती है। आप इनसे कोई अच्छी बात सीख या जान सकते हैं। इन अच्छाइयों को आप भी अपने जीवन में अपनाएं।

**बोलें कम सुनें ज्यादा:** संभवतः ईश्वर ने हमें दो आंखें और दो कान लेकिन मुंह सिर्फ एक इसलिए दिया है कि ताकि हम बोलें कम, सुनें ज्यादा। कहने का मतलब हमारा अवलोकन हमेशा अच्छा होना चाहिए।

**जो जरूरी हो वही करें:** कुछ भी बोलते या किसी से वादा करते समय यहां तक कि कोई चीज खरीदते समय भी पहले खुद से पूछें- क्या यह वाकई जरूरी है?



**समझें समय की कीमत:** आपको अपने समय को उतना ही कीमती समझना चाहिए, जितना रुपए-पैसे या धन-संपत्ति को समझते हैं।

**अपनी आदतों पर दें ध्यान:** आप अपनी आदतों के कारण ही जाने जाते हैं। आप अपनी आदतों के प्रोडक्ट हैं। आपकी आदतें ही आपको अच्छा-बुरा या सफल-असफल इंसान बनाती हैं। इसलिए अपनी आदतों पर ध्यान दें। अच्छी आदतें बढ़ाएं और बुरी आदतें खत्म करें।

**अपना आकलन करें:** हर दिन, हर सप्ताह, हर पखवाड़े, हर महीने अपनी उपलब्धियां, कार्यशैली, किए गए काम या प्रयासों का ईमानदारी से आकलन करें। अपनी गलतियों को सुधारने के प्रति निरंतर सचेष्ट रहें।



**जरूरी नहीं हर सवाल का जवाब:** लोगों द्वारा की गई हर पूछताछ का जवाब देना जरूरी नहीं है। चुप्पी साधना आपका अधिकार है। यह गलत जवाब देने या जवाब देकर विवाद में उलझने से ज्यादा समझदारी का काम है। साथ ही उन परिस्थितियों के प्रति कतई चिंतित ना हों, जो अभी आई ही नहीं हैं।

**कभी ना रहें निष्क्रिय:** ठाले से बेगार भली। ध्यान रखें कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है और निष्क्रिय रहना शरीर के लिए नुकसानदायक होता है। इसलिए हमेशा सक्रिय बने रहें। आपके जीवन का एक-एक पल ऐसा कीमती होना चाहिए मानो आप कभी भी मर सकते हैं। ऐसा समझें कि जीवन का हर नया पल आपको बोनस के रूप में मिल रहा है।

**मन में ना रखें प्रतिशोध की भावना:** लोगों से प्रतिशोध लेने की कभी ना सोचें। सबको अपनी मेहनत और सफलता से प्रभावित करें। अपने काम पर फोकस रहें, नतीजे अपने आप अच्छे आएंगे। आपके लिए सफलता क्या है, यह आप स्वयं तय करें।

**स्वीकार करें चुनौतियां:** कभी भी चुनौतियों से भागें नहीं, इन्हें स्वीकार करें। भीड़ के पीछे चलकर भीड़ का हिस्सा ना बनें। आप अपना रास्ता स्वयं तय करें।

**सलाह और मदद में न करें संकोच:** मदद या सहयोग मांगने में अपनी हेठी महसूस ना करें। अनावश्यक श्रम, समय और संसाधन का अपव्यय करने से अच्छा है किसी अनुभवी से सलाह ले लें।

**परफेक्शन का सही अर्थ समझें:** रोज कम से कम कोई एक काम ऐसा करें, जो आपको कल से ज्यादा समझदार और बेहतर बनाए। परफेक्शन नाम की कोई चीज इस दुनिया में नहीं है। हर क्षण सबसे परफेक्ट है, अगला पल इंपरफेक्ट हो सकता है।

**मल्टी टास्किंग से रहें दूर:** कुछ लोगों की ओवर वर्किंग और मल्टी टास्किंग की आदत होती है। एक समय में एक ही काम को परफेक्शन से करें। लेकिन जो लोग काम को टालते हैं, वह भी अच्छी बात नहीं है। इसलिए नियत समय पर हर काम को पूरा करें।

**असफलता से ना डरें:** असफलता से आपको डरने की जरूरत नहीं है, इतनी मेहनत करें कि विफलता आपसे खुद डरे। *

# सर्द दिसंबर की वो शाम

जो बीत गया, वह सिखाने के लिए था। और जो आने वाला है, वह जीने के लिए है, यही सोच हर इंसान की होनी चाहिए। नए साल की सुबह का ऐसे ही स्वागत करना चाहिए। मन को छूती कहानी।

सर्दियों की वह ठंडी शाम थी। सूरज पश्चिम के आगोश में समा चुका था। आसमान हल्का नारंगी होते-होते गहरे नीले रंग में बदल रहा था। किसी पुराने सपने के धुंधलेपन-सी हल्की धुंध चारों ओर फैल चुकी थी। खिड़की के बाहर गली की स्ट्रीट लाइट्स मद्धिम रोशनी बिखेर रही थीं, जो धुंध में झिलमिलाती-सी लग रही थीं। सड़क पर कुछ बच्चे खेलते हुए जोर-जोर से हंस रहे थे, उनकी आवाजें सर्द हवा के साथ घुल-मिल रही थीं।

मैं अपने कमरे में, खिड़की के पास रखी कुर्सी पर बैठा था। कमरे में हल्की रोशनी थी, सामने छोटी-सी मेज पर एक जलती हुई मोमबत्ती टिमटिमा रही थी। उसकी हल्की रोशनी पूरे कमरे में एक अजीब-सा सुकून भर रही थी। मैंने पास ही रखा चाय का कप उठाया, उसकी भाप ने मेरे चेहरे को हल्का-सा छुआ। कप पकड़ते हुए, मेरी अंगुलियों में एक हल्की गर्माहट फैल गई।

उस शाम मैंने लंबे समय बाद अपनी डायरी उठाई। हर पन्ना मुझे मेरे बीते हुए दिनों की ओर खींच रहा था। कई पन्ने आंसुओं से धुंधले हो गए थे, जैसे उन पर किसी ने अपने गहरे दर्द को लिखकर बहा दिया हो। एक पन्ने पर लिखा था, 'कभी-कभी मुश्किलें इंसान को उसकी गहराइयों से मिलाने आती हैं।' मैंने उस पन्ने को पढ़ते हुए खिड़की के बाहर देखा। दूर कहीं कोहरे में लिपटे पेड़ खड़े थे, मानो उन्होंने अपनी जड़ें जमीन में और गहरी कर ली हों ताकि हाड़ कंपा देने वाली ठंड से मुकाबला कर सकें।

शहर की हलचल धीरे-धीरे कम हो रही थी। घरों के अंदर से आती रोशनी, बाहर की ठंडी सड़कों पर अपनी मौजूदगी का एहसास करा रही थी। तभी अचानक एक गाड़ी सड़क से गुजरी, युवा खिलखिलाहटों का स्वर चारों ओर बिखर गया। मैंने डायरी का एक और पन्ना पलटा। इस बार लिखा था-'जब दर्द गुजर जाएगा, तब सुकून आएगा। और उस सुकून में खुद को तलाशना।'



मुझे लगा कि शायद वही पल था। वह दर्द भरा दौर कहीं पीछे छूट गया था, इस दिसंबर की सर्द शाम में मैं खुद से पहली बार मिला।

धीरे-धीरे कमरे में सन्नाटा छा गया। सिर्फ दीवार पर टंगी घड़ी की टिक-टिक की आवाज सुनाई दे रही थी। बाहर हल्की ठंडी हवा चलने लगी थी। खिड़की से बाहर झांकते हुए देखा- गली के दूसरी तरफ एक बुजुर्ग जोड़ा हंसते-मुस्कुराते एक-दूसरे का हाथ थामे जा रहा था। उनकी चाल धीमी थी, लेकिन उनके बीच एक अजीब-सी गरमाहट दिख रही थी। वह गरमाहट, जो सर्द मौसम में भी इंसान को हिम्मत देती है।

उस पल मैंने खुद को उस बुजुर्ग जोड़े जैसा महसूस किया। मैंने अपने भीतर के रिश्तों को समझा, अपने अकेलेपन से दोस्ती की। वह शाम बस एक शाम नहीं थी, वह मेरे जीवन के एक लंबे दर्द भरे सफर का ठहराव था।

जैसे ही चाय की आखिरी घूंट खत्म हुई, मैंने ठंडी हवा को अपनी हथेली पर महसूस किया। एक गहरी सांस ली और खुद से कहा, 'जो बीत गया, वह सिखाने के लिए था। और जो आने वाला है, वह जीने के लिए।'

सच में, कहीं बीत गई सर्द दिसंबर की वह शाम, लेकिन उसके साथ मैं भी बीते हुए पलों से आगे बढ़ गया। अब मैं तैयार था। एक नई सुबह के लिए। *

# जानना जरूरी है मकान को अंदर से गर्म रखने का उपाय



सर्दियों के मौसम में चलने वाली शुष्क और ठंडी हवाएं हमारे लिए चुनौती बन जाती हैं। खासतौर से जब घर में बच्चे और बुजुर्ग हों। वे कमजोर इम्यूनिटी की वजह से ठंड की चपेट में आ सकते हैं। आमतौर पर हम ठंड से बचने के लिए हीटर या अंगीठी इस्तेमाल करते हैं। अंगीठी के इस्तेमाल से घर में पॉल्यूशन बढ़ जाता है और हीटर से बिजली की खपत बढ़ जाती है। दोनों का इस्तेमाल सेहत के लिए भी नुकसानदायक है। इसके इस्तेमाल से वातावरण की नमी खत्म हो जाती है और नाक की म्यूकस झिल्ली सूख जाती है। इस वजह से झिल्ली वायरस और बैक्टीरिया से हमारी रक्षा नहीं कर पाती है और हम बीमार पड़ते हैं। हालांकि, कुछ आसान और कारगर टिप्स अपनाकर हम घर को गर्म रख सकते हैं और सेहत के साथ बजट का ख्याल रख सकते हैं। ठंड के मौसम में घर के कमरे काफी ठंडे हो जाते हैं। इन कमरों में बाहर चलने वाली सर्द हवाएं घर की खिड़कियों, दरवाजों के नीचे से अंदर आती रहती हैं। घर के बाहरी हिस्से वाले कमरे अधिक ठंडे होते हैं। इन कमरों में आमतौर पर घर के बुजुर्ग रहते हैं। ऐसे में उन्हें ठंड से बचाने के लिए हम कई सारे तरीके अपना सकते हैं।दरवाजों और खिड़कियों के किनारों पर वेदर स्ट्रिपिंग लगाए जाते हैं। यह प्लास्टिक, फोम या रबर से बने होते हैं। इसके जरिए दरवाजों और खिड़कियों के गैप को भरा जा सकता है। वी-टाइप वेदर स्ट्रिप्स दरवाजे या खिड़की के किनारे लगाए जाते हैं और ये हवा को अंदर आने से रोकने का काम करते हैं। फोम वेदर स्ट्रिपिंग में एक तरफ चिपकने वाली बैकिंग होती है और इसे लगाना बेहद आसान होता है। दरवाजों के नीचे से ठंडी हवा को रोकने के लिए ड्राफ्ट स्टॉपर्स का उपयोग करना चाहिए। साथ ही कपड़े की ट्यूब, डोर स्वीप लगाकर ठंडी हवा को रोका जा सकता है। बाजार में कई तरह के डोर स्वीप उपलब्ध हैं। खिड़कियों के शीशे पर प्लास्टिक शीट्स लगाएं। यह एक अतिरिक्त परत बनाकर ठंडी हवा को रोकती है। साथ ही थर्मल पर्दों के जरिए खिड़कियों को बंद रखें। ये घर को गर्म रखने में मदद करते हैं। डबल-पैनल खिड़कियों या इंसुलेटेड ग्लास यूनिट्स में शीशों के बीच गैप होता है, जिससे खिड़कियों की भीतरी परत ठंडी नहीं होती है। फर्श अगर टाइल्स या मार्बल से बनी है तो कमरे में अधिक ठंडक फैलती है। ऐसे में फर्श पर मोटे गलीचे बिछा सकते हैं। यह न केवल ठंड को रोकेगा, बल्कि आपके पैरों को भी गर्म रखेगा। साथ ही दरवाजों के पास फुट मैट्स रखें। यह बाहर से आने वाली ठंडी हवाओं को रोकने में मदद करता है। पर्दे सिर्फ घर की सजावट के काम नहीं आते हैं।

# धीरज ने नेट बाल प्रतियोगिता में किया नाम रोशन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ टाउन के निकट गांव नंदराम की ढाणी के खिलाड़ी धीरज ने नेशनल नेट बाल प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधितव करते हुए टीम को कांस्य पदक दिलाया । इस मौके पर शारीरिक शिक्षक मनोज पारीक ने बताया कि कोरबा छत्तीसगढ़ में आयोजित 68वीं एसजीएफआई 14 वर्षीय छात्र नेशनल नेटबाल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त कर राजस्थान का नाम रोशन किया। इस टीम में गांव नंदराम की ढाणी का खिलाड़ी धीरज ने अपना पूर्ण योगदान देते हुए टीम को कांस्य पदक दिलाया । आज धीरज के हनुमानगढ़ पहुंचने पर गांव नंदराम की ढाणी में ग्रामीणो व विद्यालय स्टाफ ने जोरदार स्वागत किया । इस मौके पर शारीरिक शिक्षक ने बताया राजस्थान टीम में कमलेश सिंह व क्षेत्रप्रताप सिंह कोच रहे जिन्होंने अपने कुशल नेतृत्व व कोचिंग से राजस्थान को नेटबॉल में पहली बार पदक हासिल करवाया । यह प्रतियोगिता 25 दिसंबर 2024 से 28 दिसंबर 2024 तक आयोजित हुई। उन्होंने बताया गांव नंदराम की ढाणी से तीन वर्षों में नेटबाल में 11 खिलाड़ी नेशनल खेल चुके हैं । प्रतियोगिता में 19 वर्ष छात्र वर्ग में भी चौथा स्थान रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन में नंदराम की ढाणी के खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका रही।

# राउमा ताखरांवाली के छात्र का राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में चयन

## 11 से 14 जनवरी तक होगी आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर के निकटवर्ती ताखरांवाली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र तुषार पुत्र पवन कुमार का 68वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में चयन हुआ है। तुषार ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताखरांवाली प्रधानाचार्य मुरारीलाल गक्खड़ तथा शारीरिक शिक्षक श्रीमती सुनीता के मार्गदर्शन में नियमित तैयारी की एवं माता-पिता, गुरुजनों व ग्रामवासियों के सहयोग से उक्त उपलब्धि हासिल करके गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्य मुरारीलाल गक्खड़ ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत (छात्र-छात्रा) 14 वर्ष आयु वर्ग की



एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राज्य का खिलाड़ी दल दिनांक 11 जनवरी, 2025 से 14 जनवरी, 2025 तक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, रांची (झारखंड) में भाग लेने जायेगा। इन खिलाड़ियों का राज्य दल में भाग लेने से पूर्व चयन परीक्षण दिनांक 2 जनवरी, 2025 से 3 जनवरी, 2025 तक एवं पूर्व प्रशिक्षण शिविर दिनांक 4 जनवरी, 2025 से 8 जनवरी, 2025 तक रा.उ.प्रा.वि, खेतानाडी, जोधपुर में आयोजित किया जायेगा। उक्त राज्य दल दिनांक 8 जनवरी, 2025 को रा.उ.प्रा.वि, खेतानाडी, जोधपुर से मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, रांची (झारखंड) के लिए रवाना होगा। राज्य दल के भाग लेने के संबंध में चयन परीक्षण हेतु खिलाड़ी तुषार द्वारा 1 जनवरी, 2025 को अपनी उपस्थिति शिविराधिपति एवं प्र.अ. रा.उ.प्रा.वि, खेतानाडी, जोधपुर को दी जाएगी, जिसके लिए छात्र तुषार 31 दिसम्बर, मंगलवार को श्रीगंगानगर से रवाना हुआ। प्रधानाचार्य मुरारीलाल गक्खड़, शारीरिक शिक्षक श्रीमती सुनीता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ तथा ग्रामवासियों ने तुषार द्वारा 68वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके श्रीगंगानगर का नाम देशभर में रोशन करने का विश्वास व्यक्त किया है।

# राष्ट्रकथा शिविर में हनुमानगढ़ के 10 स्काउट व दो स्काउट मास्टर ले रहे भाग



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** वैदिक मिशन ट्रस्ट द्वारा राजकोट (गुजरात) के प्रांसला कस्बे में चल रहे नौ दिवसीय 25 वें राष्ट्रकथा शिविर में स्काउट मास्टर अमीलाल छापोला वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंदराम की ढाणी के साथ चार स्काउट राहुल, रोहित कुमार ,लवप्रीत सिंह व जसपाल तथा रोवर लीडर डॉक्टर गुरजिंदर सिंह व्याख्याता फोर्ट स्कूल हनुमानगढ़ टाउन के साथ 6 रोवर साहिल ,रवि ,मनीष ,कृष्ण, धर्म सिंह व मोहम्मद इसराइल भाग ले रहे हैं। इस शिविर में भारत के सभी 28 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 18000 स्काउट गाइड, एनसीसी व एनएसएस के बच्चे भाग ले रहे हैं शिविर में पहुंच रहे महत्वपूर्ण व्यक्तित्व न्यायाधीश ,वैज्ञानिक सलाहकार के उद्बोधन से लाभ ले रहे हैं ।उपर्युक्त दोनों अध्यापकों के सानिध्य में गए हुए 6 रोवर व 4 स्काउट बहुत भाग्यशाली हैं जिनको भव्य,देश प्रेम को समर्पित ,भावी पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम को भरने के इस अनूठे, अद्भुत ,ऐतिहासिक शिविर में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# न्यू-ईयर सेलिब्रेट कर लौट रहे 3 दोस्तों की मौत

## खड़े ट्रक से टकराई बाइक, 4 युवक थे सवार; 1 की हालत गंभीर

जनमार्ग न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में नए साल का जश्न मनाकर लौट रहे 3 दोस्तों की मौत हो गई। जबकि एक युवक की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि, चारों बाइक सवार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गए। घटना तपकरा थाना क्षेत्र की है। हादसे में मरने वालों की पहचान एलेन्स तिर्की (18) निवासी खरीबहार, दीपसन टोप्पो (18) निवासी बांसाझाल, रोहित चौहान (17) के रूप में हुई है। वहीं, आदित्य बड़ा (18) निवासी बासाझाल की हालत नाजुक है।



जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, 4 दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर तपकरा की ओर नए साल का जश्न मनाने गए थे। देर रात लवाकेरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुनकुरी लवाकेरा स्टेट हाईवे पर समडमा गांव के पास स?क पर खराब ट्रक खड़ा था। उनकी बाइक ट्रक के पीछे टकरा गई। तपकरा थाना प्रभारी ठाकुर खोमराज सिंह ने बताया कि, हादसा करीब सा? 11 बजे के आसपास हुआ है। हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। उसे अंबिकापुर रेफर किया गया है, जहां आईसीयू में भर्ती है। आज शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# राजस्थान सहित पूरे देश को थैलेसीमिया मुक्त बनाने की मांग

## सांझी सेवा सरबत दा भला संस्था के शिष्टमंडल ने पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा को सौंपा ज्ञापन

## आनुवांशिक रोग थैलेसीमिया के प्रसार पर अंकुश लग सके तथा रोग मुक्त स्वस्थ शिशु जन्म ले सके

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सांझी सेवा सरबत दा भला संस्था के शिष्टमंडल ने राजकीय चिकित्सालय, श्रीगंगानगर के पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा से मुलाकात की तथा राजस्थान सहित भारत देश को शत-प्रतिशत थैलेसीमिया मुक्त बनाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में श्रीमती नीलम खुराना, श्रीमती डॉ. सहारण, गायक सिमरजीत सिंह, अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी प्रदेशाध्यक्ष रजनेश बहल, बीके गोयल, साहिल आदि शामिल थे।

सांझी सेवा सरबत दा भला संस्था सदस्यों ने पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा को कहा कि थैलेसीमिया एक रक्त विकार जन्य गंभीर रोग है। यह जन्मजात होता है और ऐसे बच्चों को जीवन भर रक्त



चढ़ाना पड़ता है। इसका इलाज बहुत दुर्लभ, जटिल एवं जोखिम भरा है। राजस्थान सहित पूरे देश को थैलेसीमिया मुक्त बनाने के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा प्रत्येक प्रसूता की थैलेसीमिया जांच एचपीएलसी (एचबीए2) आवश्यक रूप से लिखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रसूता की सीवीएस जांच भी की जाए, प्रत्येक राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में एचपीएलसी जांच निःशुल्क की जाए, विवाह पूर्व या विवाह पंजीकरण के समय थैलेसीमिया जांच रिपोर्ट (एचपीएलसी) साथ लगानी अनिवार्य की जाए।

इसके साथ-साथ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा अनुशंसा की जाती है कि थैलेसीमिया पीडि़त बच्चों के रक्त चढ़ाने हेतु एचबी न्यूनतम 10-11 होना चाहिए, ताकि बच्चे के अन्य मानव अंगों को नुकसान ना हो। जबकि कुछ चिकित्सालय में एचबी 9 से ऊपर वाले बच्चों के रक्त चढ़ाने हेतु मना कर दिया जाता है। केंद्र/राज्य सरकार/ विभिन्न संगठन एनजीओ/टीवी के माध्यम से एचपीएलसी/सीवीएस जांच हेतु प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि आनुवांशिक रोग थैलेसीमिया के प्रसार पर अंकुश लग सके तथा रोग मुक्त स्वस्थ शिशु जन्म ले सके। इस पर पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# बिजली के निजीकरण पर भड़के कर्मचारी

**सोहना (जनमार्ग न्यूज)।** चंडीगढ़ के बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। मंगलवार को सोहना में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वह आखिरी सांस तक निजीकरण के खिलाफ लड़ेंगे। उन्होंने प्रशासन पर माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन ने चंडीगढ़ विद्युत विभाग के निजीकरण के फैसले को वापस लेने की मांग गई। यूनियन के नेता सतबीर ने कहा कि अगर कंज्यूमर व कर्मचारियों के विरोध के बावजूद चंडीगढ़ प्रशासन ने विद्युत विभाग को पहली जनवरी को निजी कंपनी को हैंडओवर किया, तो इसके खिलाफ पूरे प्रदेश में बिजली कर्मचारी धरने, प्रदर्शन करेंगे और हड़ताल करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। यूनिट सचिव अजीत ने कहा कि कर्मचारी निजीकरण के खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे। एस्मा जैसा काला कानून लागू करने से निजीकरण के खिलाफ आंदोलन कमजोर नहीं किया जा सकता। अजीत ने कहा कि मुनाफा कमाने वाले सरकारी विभाग को कौड़ियों के भाव में निजी हाथों में सौंपना आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना नहीं है, बल्कि यह पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना कहलाता है। सतबीर फोरमैन ने कहा कि करोड़ की संपत्ति को 871 करोड़ में एक निजी कंपनी को सौंपा जा रहा है।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन





जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** ब्लॉक सूरतगढ़ में आज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन सरदारगढ़ में किया गया। शिविर में आने वाले आमजनों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाने के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुभाष महर्षि, नेत्र रोग विशेषज्ञ सपना बवेजा शर्मा ने सेवाएं दी। शिविर में सैकड़ों की संख्या में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मरीजों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी अनेक योजनाओं का लाभ दिया गया। सूरतगढ़ ब्लॉक में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर 10 जनवरी तक लगाए जायेंगे। शिविर में एलटी करनैल सिंह, एसटीएलएस अश्वनी कुमार, आयुष कम्पाउडर कृष्ण गिला, दंत सहायक राकेश कुमार एनसीडी काउन्सलर दीपक शर्मा, आरबीएसके टीम के राधेश्याम, सुमन आदि ने भी सेवाएं दी।

# कंटेनर में लोड जहरीला कचरा, रात में ले जाएंगे

## भोपाल से पीथमपुर तक 250किमी. लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनेगा

**भोपाल।** भोपाल की यूनियन कार्बाइड (यूका) फैक्ट्री के गोदाम में रखा 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा 12 कंटेनर में लोड हो चुका है। जो काम बचा है, उन्हें बुधवार सुबह से पूरा किया जा रहा है। अनुमान है कि इन कंटेनरों को 250 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर आज रात में ही पीथमपुर रवाना कर दिया जाए। अफसरों का कहना है कि कंटेनर उस समय रवाना किए जाएंगे, जब सड़क पर ट्रैफिक नहीं रहेगा। बता दें कि जहरीला कचरे को यूका से ले जाने की तैयारी रविवार दोपहर से शुरू हुई थी। 1 कंटेनर में एवरेज 30 टन कचरा भरा गया है। इस काम में 200 से ज्यादा मजदूर लगे। जिनकी 8 घंटे की बजाय 30 मिनट की शिफ्ट लगाई गई। हर प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई है। मंगलवार रात तक कचरे को बैग्स में भरकर उन्हें कंटेनरों में लोड किया गया। जहरीले कचरे को कड़ी सुरक्षा के साथ ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीथमपुर भेजा जाएगा। यहां कचरे को रामकी एनवायरो में जलाया जाएगा।

# मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राना को भारत लाए जाने का रास्ता साफ

## अमेरिकी कोर्ट ने दिया प्रत्यर्पण का आदेश

**नई दिल्ली (जनमार्ग न्यूज)।** 26/11 के मुंबई हमलों में कथित भूमिका के लिए, तहव्वुर राणा को भारत लाया जा सकता है। अमेरिका की एक अदालत ने राणा के प्रत्यर्पण का आदेश दिया है। यह भारत के लिए एक बड़ी जीत है। राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई बिजनेसमैन है। भारतीय जांच एजेंसी 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए 26/11 के हमलों में उसकी भूमिका की जांच कर रही है। राणा को अमेरिका में भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर गिरफ्तार किया गया था। ह्द्ध अधिकारियों ने बताया कि उसे राजनयिक माध्यमों से भारत लाने की प्रक्रिया चल रही है।

**अमेरिकी कोर्ट ने खारिज की याचिका:** राणा ने अमेरिकी कोर्ट में अपील दायर की थी। अमेरिका के एक कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। राणा पर मुंबई में आतंकवादी हमलों में शामिल होने का आरोप है। राणा के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। एनआईए ने एक चार्जशीट भी दायर की थी।

**राणा ने आतंकी हेडली की मदद की**

अदालती सुनवाई के दौरान, अमेरिकी सरकार के वकीलों ने तर्क दिया कि राणा को पता था कि उसका बचपन का दोस्त डेविड हेडली लश्कर-ए-तैयबा में शामिल है। हेडली एक पाकिस्तानी-अमेरिकी है। राणा ने हेडली की मदद की और उसे अपनी गतिविधियों के लिए सुरक्षा प्रदान की। इस तरह, राणा आतंकवादी संगठन और उसके सहयोगियों का समर्थन कर रहा था। राणा को हेडली की बैठकों, चर्चा की गई बातों और हमलों की योजना के बारे में पता था। उसे कुछ लक्ष्यों के बारे में भी पता था। अमेरिकी सरकार ने कहा कि राणा साजिश का हिस्सा था। उसने एक आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने का काम किया था।

**एनआईए ने भी दायर की चार्जशीट**

हेडली ने एक याचिका सौदा किया था। इसलिए उसे उन अपराधों के लिए भारत प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता जिनके लिए उसे अमेरिका में दोषी ठहराया गया है। ह्द्ध ने दिल्ली की एक अदालत में चार्जशीट दायर की है। इसमें हेडली, राणा, हाफिज सईद, जकी-उर-रहमान लखवी, इलियास कश्मीरी, साजिद मीर, अब्दुर रहमान हाशिम सैयद, मेजर इकबाल और मेजर समीर अली का नाम है।

# इंदौर को मिलेगी दो नई इंटरनेशनल फ्लाइट

## इंडिगो-एयर इंडिया एक्सप्रेस मार्च तक शुरू करेंगी बैंकॉक फ्लाइट का संचालन

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्या बाई होल्कर एयरपोर्ट को जल्द ही एक और डायरेक्ट इंटरनेशनल फ्लाइट मिल सकती है। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह फ्लाइट इंदौर से बैंकॉक के लिए उड़ान भरेगी। एयरलाइंस कंपनी ने एजेंट्स को मार्च अंत से नई उड़ान शुरू करने का आश्वासन दिया है। शुरुआत में इसे सप्ताह में तीन दिन चलाया जाएगा। एयरपोर्ट सूत्रों की माने तो इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस दोनों ही एयरलाइंस इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट शुरू करने की तैयारी में हैं। दिसंबर में इंदौर आए केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू के सामने सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर-बैंकॉक और इंदौर-सिंगापुर डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने की मांग की थी। मंत्री ने भी इस संबंध में मौखिक सहमति दी थी। एयर इंडिया एक्सप्रेस बीते कुछ दिनों से इसकी तैयारियां कर रही है। सब कुछ सही रहा तो मार्च अंत से लागू होने वाले समर शेड्यूल में इंदौर से नई उड़ान शुरू हो जाएगी।

# नए साल पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** सोमवार को राजस्थान प्राइवेट कॉलेज व स्कूल एसोसिएशन ने नए साल का आगाज एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल के साथ किया। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय के नेतृत्व में जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर नए साल का स्वागत किया गया। इस सामाजिक कार्य ने कड़ाके की ठंड में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को राहत दी और एक सकारात्मक संदेश दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर उमेदी लाल मीणा थे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, जब अधिकांश लोग नया साल बड़ी पार्टियों में पैसे फिजूल खर्च कर और नशे में डूबकर मनाते हैं, वहीं तरुण विजय के नेतृत्व में प्राइवेट कॉलेज स्कूल एसोसिएशन ने जरूरतमंदों की मदद का रास्ता चुना है। यह वास्तव में एक अनुकरणीय कदम है जो समाज को नई दिशा प्रदान करता है। प्राइवेट स्कूल कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने इस मौके पर कहा, नया साल खुशियां बांटने का समय होता है। ठंड का प्रकोप दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे गरीब और बेसहारा लोग सबसे



ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। हमारी कोशिश थी कि इस कड़ाके की ठंड में उन्हें थोड़ी राहत दी जा सके। इसलिए, हमने जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर इस नए साल को उनके साथ साझा किया। तरुण विजय ने आगे कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य सिर्फ शैक्षणिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए भी निरंतर कार्य करना है। ऐसे प्रयास अ ाने वाले समय में भी जारी रहेंगे। कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन रामेश्वर चावरिया ने तरुण विजय के सामाजिक कार्यों की तारीफ करते हुए कहा, दूसरों की जरूरतों और उनके दुखों को समझकर मदद करना ही एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता की पहचान है। तरुण विजय ने हमेशा इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किए हैं। उनका यह प्रयास समाज में सेवा और मानवता की भावना को प्रोत्साहित करता है। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल दिए गए। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। ठंड से परेशान बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। भटनेर किंग क्लब के अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने कहा कि प्राइवेट कॉलेज स्कूल एसोसिएशन की इस पहल ने समाज में यह संदेश दिया कि खुशी केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के साथ बांटने में है। यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए प्रेरणा बन सकता है जो नए साल को एक अलग और सकारात्मक तरीके से मनाना चाहते हैं।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में किया प्रदर्शन

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू ने मंगलवार को जोधपुर विद्युत वितरण निगम के सतीपुरा मुख्य कार्यालय में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में बिजली के निजीकरण के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली वितरण और उत्पादन के निजीकरण को जनविरोधी बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की।

धरना स्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिजली वितरण और उत्पादन को निजी हाथों में सौंपने के लिए विधेयक लाया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सरकारें अपने चहेते पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बिजली का निजीकरण कर रही हैं। इससे न केवल लाखों करोड़ों का बिजली व्यापार पूंजीपतियों के हाथों में चला जाएगा, बल्कि आम जनता को महंगी बिजली खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

वक्ताओं ने बताया कि जिन देशों में बिजली का निजीकरण हुआ है, वहां जनता को भारी आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ा है। स्मार्ट मीटर लगाने और प्रीपेड रिचार्ज की व्यवस्था के कारण गरीब और मजदूर वर्ग के लिए बिजली पहुंच से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में, जीवन की आवश्यकताओं में



शामिल बिजली की अनुपलब्धता जनता के लिए एक बड़ी समस्या बन जाएगी। सीटू संगठन ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ के संघर्षरत बिजली कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया है। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर बिजली के निजीकरण पर रोक नहीं लगाई गई, तो देशव्यापी आंदोलन किए जाएंगे।

ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से अपील की गई कि इस जनविरोधी निर्णय को रोककर लाखों कर्मचारियों की नौकरी और आम जनता के हितों की रक्षा की जाए। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि निजीकरण से न केवल कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में पड़ेंगी, बल्कि उनके परिवार आर्थिक संकट में आ जाएंगे।

धरना प्रदर्शन के दौरान सीटू के सैकड़ों कार्यकर्ता और कर्मचारी शामिल हुए और सरकार के इस कदम को जनविरोधी बताते हुए इसके खिलाफ कड़ा विरोध जताया। उन्होंने इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। धरना स्थल पर सभा को कामरेड रघुवीर वर्मा सीटू जिला अध्यक्ष कामरेड आत्मा सिंह कामरेड बलदेव सिंह मक्कासर सीटू जिला कोषाध्यक्ष कांमरेड बहादुर सिंह चौहान सीटू जिला महासचिव कांमरेड शेर सिंह शाक्य कामरेड बसंत सिंह कामरेड मुकद्दर अली कामरेड कामरेड वेद मक्कासर कामरेड जरनैल सिंह कांमरेड रिछपालसिंह कामरेड लाल मोहन कांमरेड हरजी वर्मा कामरेड दारा सिंह कामरेड अरविंद मुंशी कामरेड गुरनायब कामरेड सिंह मेजर सिंह कामरेड सुल्तान खान कांमरेड वारिस अली कामरेड शिव कुमार कामरेड समीर खान कांमरेड कपिल देव कांमरेड सुभाष कांमरेड शत्रोहन ने संबोधित किया।

# 20 फीट नीचे नहर में गिरी बाइक,3 भाइयों की मौत

**सासाराम (जनमार्ग न्यूज)।** सासाराम में नए साल में सड़क हादसे में 3 भाइयों की मौत हो गई। तीनों देर रात करीब 2 बजे नटवार गांव से बहन का जन्मदिन मनाकर अपने गांव गुनसेज लौट रहे थे। इस बीच बाइक 20 फीट नीचे नहर में गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि गाड़ी की स्पीड 80 से ज्यादा रही होगी। बुधवार की सुबह बिहार पुलिस की तैयारी कर रहे युवक जब दौड़ने निकले तो उन्होंने नहर में पड़ी बाइक और युवकों को देखा। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

घटना के बाद सूर्यपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान प्रियांशु कुमार (25) पिता मुद्रिका सिंह, अंकित कुमार (22) पिता संजय सिंह और शशिरंजन उर्फ मनु कुमार (23) पिता रामेश्वर सिंह के रूप में की गई है। तीनों रिश्ते में भाई थे। चाचा ने बताया कि तीनों आपस में भाई थे। एक ही गोतिया के थे। मंगलवार को शशिरंजन अपनी छोटी बहन अनु कुमारी का जन्मदिन मनाने के लिए नटवार गांव गया था। उसके साथ प्रियांशु कुमार और अंकित कुमार भी एक ही बाइक पर गए थे। तीनों साथ में पढाई करते थे और साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रहे थे। इसके अलावा प्रियांशु खनिता बाजार में मोबाइल शॉप भी चलाता था। सूर्यपुरा थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया %घटना बक्सर लाइन नहर के हदहदवा पुल की है। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। इसके बाद मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नए साल पर बीजेपी नेता वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल को भेजा लेटर

**नई दिल्ली (जनमार्ग न्यूज)।** दिल्ली में चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच एक दूसरे पर हमले तेज हो गए हैं। चुनाव से पहले आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की एक के बाद एक घोषणाओं को लेकर बीजेपी पहले ही आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। इस बीच नए साल के पहले दिन पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल को एक लेटर पोस्ट किया है। इस लेटर में नए साल पर संकल्पों का जिक्र किया गया है। इससे पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने आरएसएस चीफ को लेटर लिखा था। वहीं, एलजी ने दिल्ली की सीएम आतिशी को भी एक लेटर लिखा था।

इस बारे में दिल्ली के बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। इस दिन पर कि परंपरा है कि सब अपने जीवन में कुछ ना




कुछ संकल्प लेते हैं। कुछ बुरी आदतें छोड़ने का संकल्प लेते हैं तो कुछ लेते हैं कि जीवन में हमें क्या करना है। सचदेवा ने कहा कि मैंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उनसे कुछ बुरी आदतें छोड़ने की बात कही है। पत्र में सचदेवा ने केजरीवाल के स्वस्थ् और दीर्घायु जीवन की कल्पना की है। इसके साथ ही केजरीवाल से कहा कि आप झूठ बोलने की, छलकपट की अपनी गलत आदतें छोड़कर खुद में सार्थक परिवर्तन लाएं। सचदेवा ने केजरीवाल से पांच संकल्प लेने की बात कही। इसमें अपने बच्चों की झूठी कसम नहीं खाने, दिल्ली की महिलाओं, बुजुर्गों से झूठे वादे नहीं करेंगे। शराब को प्रोत्साहन देने के लिए दिल्ली वालों से माफी मांगने की बात भी कही गई है। इसके अलावा, यमुना की सफाई पर झूठे आश्वासन और सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात भी कही है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश विरोधी ताकतों हाथ नहीं मिलाने और चंदा नहीं लेने की बात कही गई है।

# न्यू ईयर पार्टी कर लौट रहे दोस्तों की कार पलटी

## एसईसीएल कर्मचारी की मौत, दो लोग घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

जनमार्ग न्यूज

**कोरबा।** कोरबा में नए साल की रात तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में एक एसईसीएल कर्मचारी की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि नशे में कार चला रहे थे। घटना मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, नए साल 2025 का जश्न



मना रहे 2 से 3 युवक मारुति बलेनो कार क्रमांक सीजी 12 एटी 0375 को तेज रफ्तार से चला रहे थे। मुड़ापार-सुभाष ब्लॉक कॉलोनी मार्ग पर गुजरते समय मोड़ के पास बिजली के खंभे से जा टकरा गए।हादसे में आसपास के दुकानों के छप्पर उड़ गए। खंभा भी टूट क्षतिग्रस्त हो गया और कार पलट गई। जिससे कुसमुंडा निवासी एसईसीएल कर्मी अनुभव मसीह की मौत हो गई। कार में सवार दो घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि, कार अनुभव ही चल रहा था। एक दोस्त सामने बैठा था, जबकि तीसरा पीछे बैठा था। तीनों पार्टी कर घर लौट रहे थे। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

# दिल्ली में अतुल सुभाष जैसा केस, पत्नी से परेशान होकर शख्स ने किया सुसाइड

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बेंगलुरु के अतुल सुभाष केस की तरह ही मामला सामने आया है। दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में एक शख्स ने पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले शख्स ने 54 मिनट का वीडियो भी बनाया। मृतक के परिवार ने उनकी पत्नी और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने वीडियो को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

**सुसाइड से पहले रेकॉर्ड किया वीडियो**

जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम पुनीत खुराना है। परिवार का कहना है कि वह अपनी पत्नी मनिका पाहवा से परेशान था। पुनीत और मनिका का डायवोर्स केस चल रहा है। कहा जा रहा है कि दोनों सहमति से इस रिश्ते से अलग हो रहे थे। लेकिन अचानक पुनीत ने



आत्महत्या क्यों की, इसकी जांच पुलिस कर रही है। परिवारवालों का कहना है कि पुलिस ने पुनीत द्वारा रेकॉर्ड किया वीडियो भी जब्त कर लिया है।

**बेंगलुरु के अतुल सुभाष केस की देशभर में चर्चा**

इससे पहले बेंगलुरु में भी ऐसा ही मामला सामने आया, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। बेंगलुरु में अतुल सुभाष नाम के एआई इंजीनियर ने सुसाइड कर लिया था। आत्महत्या से पहले उन्होंने करीब एक घंटा का वीडियो बनाया और आरोप लगाया कि उनकी पत्नी निकिता ने उन्हें प्रताड़ित कर रही है। अतुल का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ और चर्चा का विषय बना। पुलिस ने यूपी के जौनपुर से अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा और भाई अनुराग को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । इस मामले में निकिता ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट की शरण ली थी, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

# काम पर जा रहा हूं, 7 दिनों बाद आई लाश: चेन्नई में हुई दरभंगा के शख्स की मौत

जनमार्ग न्यूज

**दरभंगा।** 30 साल का शगगीर 26 दिसंबर को दरभंगा से चेन्नई के लिए निकला था। 28 को शगगीर ने पिता को फोन कर कहा कि मैं अच्छे से पहुंच गया हूं और काम पर जा रहा हूं। पिता का कहना है कि आखिर बार बातचीत के बेटे से ठीक से बात हुई थी। वो घर परिवार से दूरी को लेकर थोड़ा दुखी थी, लेकिन काम पर जाने को लेकर खुश भी दिख रहा था। लेकिन मुझे क्या पता कि कुछ घंटे बाद ही उसकी मौत की खबर आ जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले मंगलवार को मेरा बेटा काम पर चेन्नई गया था और एक हफ्ते बाद इस मंगलवार की शाम को उसकी लाश आई। मृतक शगगीर सिमरी थाना क्षेत्र के मनिहारी पंचायत के वार्ड पांच का रहने वाला था। शगगीर के पिता ने बताया कि गुरुवार यानी 28 दिसंबर की सुबह करीब 8 बजे बेटे से बात हुई। करीब चार घंटे बाद 12 बजे काम के दौरान हादसा हो गया और एक घंटे बाद यानी 1 बजे मुझे फोन कर घटना की जानकारी दी गई। बताया गया कि शगगीर ट्रक का टायर बदल रहा था, इसी दौरान जैक फिसलने से ट्रक शगगीर के ऊपर गिर गया। ट्रक के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। मुझे बताया गया कि घटना के बाद जेसीबी बुलाई गई और करीब 20 मिनट बाद ट्रक के नीचे से मेरे बेटे की लाश निकाली गई।

# भारत के साथ रिश्ते और पूर्वोत्तर में सुरक्षा पर बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने तोड़ी चुप्पी

**ढाका (जनमार्ग न्यूज)।** बांग्लादेश में बीते साल, 2024 में बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिला। देश में विरोध प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना की सरकार गिर गई और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व अंतरिम सरकार बनी है। इस बदलाव में सेना का भी एक अहम रोल माना गया। देश में हुए राजनीतिक बदलाव और भविष्य पर सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने प्रथोमालो के साथ एक साक्षात्कार में बात की है। बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद भारत से रिश्ते तनावपूर्ण हुए हैं। जनरल वकार ने भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में बांग्लादेश के सहयोग के सवाल पर कहा कि हम अपने पड़ोसी देशों के साथ ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे, जो उनके रणनीतिक हितों के खिलाफ हो

प्रथोमालो से बात करते हुए जनरल वाकर ने बीते साल के जन आंदोलनों को ऐतिहासिक बताया। चुनाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जनता अब एक निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और उत्सव जैसा चुनाव देश में चाहती है और यही अंतरिम सरकार का भी मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सेना चुनाव रूपरेखा को लागू करने में अंतरिम सरकार को पूरा सहयोग देगी।

**पड़ोसियों के साथ रिश्ते अच्छे हों:** भारत के साथ रिश्ते पर वकार ने कहा, भारत एक महत्वपूर्ण पड़ोसी है। हम कई मायनों में भारत पर निर्भर हैं। भारत को भी हमसे सुविधाएं मिल रही हैं। उनके बड़ी संख्या में लोग बांग्लादेश में औपचारिक और




अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं। कई लोग यहां से इलाज के लिए भारत जाते हैं। हम उनसे बहुत सारा सामान खरीदते हैं। इसलिए बांग्लादेश की स्थिरता में भारत का बहुत हित निहित है। यह लेन-देन का रिश्ता है। यह निष्पक्षता पर आधारित होना चाहिए। हमें समानता के आधार पर अच्छे संबंध बनाए रखने होंगे। हालांकि इसमें ये भी ध्यान रखा जाए कि हमारे लोगों को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि भारत हम पर हावी है।

# टोल मांगने पर कर्मचारियों को पीटा

## 3 गाड़ियों में डंडे लेकर आए; बोले- हम ऐसे ही जाएंगे, जो करना है कर लो

**हिसार(जनमार्ग न्यूज)।** हरियाणा में हिसार जिले के बरवाला स्थित बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर टैक्स मांगे जाने पर युवकों ने हंगामा कर दिया। 3 गाड़ियों में सवार होकर आए युवकों ने खुद ही टोल टैक्स बैरियर को उठा लिया। टोल कर्मचारियों ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने गाड़ी से लाठी-डंडे निकाल लिए। इसके बाद युवकों ने न सिर्फ टोल कर्मचारियों से मारपीट की, बल्कि उन्हें धमकाते हुए कहा कि हमारी गाड़ियां बिना आरसी के जाएगी, जो करना है कर लो। अगर भविष्य में हमसे टोल टैक्स मांगा तो अच्छा नहीं होगा। इसके बाद युवक बिना टोल दिए गाड़ी निकालकर ले गए। घटना बीते रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे की है। बरवाला पुलिस ने टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर (त्ररू) वामन राठौर की शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज सौंपी तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

# कैबिनेट-मंत्री के काफिले संग चल रही गाड़ी बलिया में पलटी

## ड्राइवर और पांच महिलाएं घायल, अस्पताल में जमे रहे संजय निषाद; जानवर को बचाने में पलटी कार

जनमार्ग न्यूज

**बलिया।** बलिया में मंगलवार देर रात निषाद पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के काफिले की एक गाड़ी पलट गयी। हादसे में गाड़ी का ड्राइवर सहित पांच महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को काफिले के संग चल रहे लोगों ने आनन-फानन में सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया गया। जहां सभी घायलों का इलाज अस्पताल में मौजूद डॉ दिग्विजय कुमार, डॉ नीरज कुमार, डॉ अभिषेक राय द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। तत्पश्चात सभी घायलों की बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सभी घायलों की बेहतर इलाज के लिए मंत्री डॉ संजय निषाद अस्पताल परिसर में जमे रहे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पर एडिशनल एसपी अनिल झा, उपजिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्र, थानाध्यक्ष विकास चंद पाण्डेय सहित प्रशासनिक अमला अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी में जुट गया। हादसा खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जनुवान के पास हुआ है।

# कड़ाके की ठंड में रहने वाले बेसहारा गौवंश को गुड़ खिलाने का कार्य जारी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** भटनेर पर्यावरण विरासत सरक्षण एव गौसेवा समिति हनुमानगढ़ टाउन समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम दादरी ने बताया की पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी पिछले करीब 20 दिनों से रात्रि 9 बजे के बाद शहर की सड़क चौराहों पर कड़ाके की ठंड में रहने वाले बेसहारा गौवंश को गुड़ खिलाने का कार्य जारी है।

समिति के पवन गर्ग व कमल राजगढ़िया ने बताया कि इस पुनीत काम में समिति द्वारा करीब एक कवंटल 50 किलो गुड़ रोज गौवंश को दिया जा रहा है। समिति के देव बवानी व अनिल लखीसरानी ने बताया हमारे साथी धानमंडी से टिब्बी रोड , स.आर.एम स्कूल, शनिदेव मंदिर , पंच मुखी बालाजी मंदिर, जिला चिकित्सालय , रामदेव मंदिर , व्यापार मंडल कॉलेज, बिश्नोई धर्मशाला रोड़ होते हुए बड़ौदा बैंक, दिनार सिनेमा, सब्जी मंडी, महाराजा अग्रसेन चौक, स्टेशन रोड होते हुई सिंधी



मोहल्ला , नई आबादी व इंद्रा कॉलोनी। जिसमे अनिल लखीसरानी, अरुण खदरिया, सुभाष निमानी, रमेश जुनेजा, विकास पाहुजा, पंडित गणेश शर्मा, अशोक मदान, सेरी बजाज, अश्वनी डुमरा, ओम गिरधर, आकाश मदान, राजू रहेजा, अंश मदान, आशीष बजाज, देव बाबानी, भारतबुशन ज्ञानवानी, पंकज गायनवानी, पंकज लखीसरानी, राजेंद्र लखीसरानी, सौरभ मौर्या, आकाश चिलाना, यश चिलाना, मोनू गर्ग, सनी दादरी, मोनू हिसारिया, राहुल, लविश, रविंदर सिंह, जीतू द्धारा सेवा दी जाती है। सहयोगी मोहन शर्मा व अशोक मदान ने जानकारी दी कि हमारी एक अन्य टीम किरयाना भवन से 6 नंबर चुंगी, सेंट्रल पार्क, पंजाबी मोहल्ला, बस स्टैंड , किला रोड, नगर परिषद, भटनेर पैलेस, अग्रवाल मार्बल, सुभाष चौक से वापस किरयाना भवन तक। सतीश बसल ठेकेदार ने बताया की समिति किशनपुरा -कोहला फार्म में हजारों की संख्या में रहने वाले गौवंश को कड़के की ठंड से राहत हेतु समय समय पर गुड़ खिलाने जाने का कार्य किया जाता है। समिति के दर्शनलाल गर्ग ने शहर के सभी गौवंश प्रेमियों से आग्रह किया है है की आप ज्यादा से ज्यादा गुड़ के कार्टून या आर्थिक सहयोग दे ताकि ठंड से बेसहारा गौवंश को अपने छोटे से प्रयास से राहत पहुंचा कर गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त कर सके।

# धनबाद में जियाडा की विभागीय गाड़ी का एक्सीडेंट

## रॉन्ग साइड से आ रही थी बोलेरो, बाइक सवार को मारी टक्कर, चालक फरार

**धनबाद (जनमार्ग न्यूज)।** धनबाद के गोल बिल्डिंग स्थित 8 लेन पर एक हादसा हुआ। हादसे में जियाडा के रिजनल डिप्टी डायरेक्टर की विभागीय बोलेरो कार (जेएच 15 एन 8464) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बोलेरो रॉन्ग साइड से आ रही थी। उसने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में आमाघाटा निवासी बैंककर्मी मनोज कुमार साव गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद कार का चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शाम के करीब साढ़े सात बजे जियाडा की रिजनल डिप्टी डायरेक्टर की कार गोविंदपुर से होते हुए 8 लेन पहुंची। गाड़ी की गति तेज थी और चालक ने रॉन्ग साइड पर गाड़ी चल रहा था। इसी बीच एचपी पेट्रोल पंप के समीप कार मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग की ओर आ रही बाइक को सामने से टक्कर मारते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। यह देख कार का चालक वहां से फरार हो गया।जानकारी मिलने के बाद सरायढेला पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा। इसके बाद पुलिस घटना की जानकारी जुटाने लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और पुलिस अधिकारी से फोन पर किसी से बात कराई।

# दिल्लीवालों ने 12 बजे के बाद जमकर छलकाया जाम! नए साल का किया जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्लीवालों ने बीती रात धूमधाम से नए साल का स्वागत किया। लगभग हर इलाके में जमकर आतिशबाजी हुई। ये हाल तब था, जब देश में पूर्व प्रधानमंभी मनमोहन सिंह के निधन के कारण सात दिन का राष्ट्रीय शोक लागू था और बार-बार बढ़ रहे प्रदूषण के चलते भी पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध था। हालांकि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने नए साल के जश्न में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया। इनसे संबंधित नियम तोड़ने के कुल 1934 चालान किए गए।



**मंगलवार ने बदला ट्रेंड!**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के आंकड़ों पर नजर डालें तो न्यू ईयर ईव मंगलवार की होने के कारण बड़ा फेरबदल नजर आया है। दरअसल पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि 31 दिसंबर को मंगलवार ना हो तो 12 बजे से ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले के ज्यादा चालान कट जाते थे। मगर इस बार शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के चालान रात 12 बजे के बाद ज्यादा कटे।

आंकड़ों के अनुसार 12 बजे तक शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के केवल 15 चालान ही कटे थे। जिससे साफ है कि दिल्लीवालों ने मंगलवार होने की वजह से 12 बजे के बाद शराब पीनी शुरू की। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उन्होंने तड़के 4 बजे तक सड़कों पर रहकर चालान किए। खबर लिखे जाने तक रात 12 बजे के बाद के चालान का डेटा जमा किया जा रहा था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस बार शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के चालान में काफी बढ़ोतरी हुई होगी।

## हाईवे पर चल रही सीएनजी कार में आग

**घरौंडा (जनमार्ग न्यूज)।** हरियाणा के करनाल में नए साल के पहले ही दिन नेशनल हाईवे पर एक वैगनआर कार में अचानक आग लग गई। वैगनआर में सवार पति-पत्नी कुरुक्षेत्र से पानीपत के समालखा स्थित चुलकाना धाम के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। आग ने जब विकराल रूप धारण किया तो दंपती ने कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। वैगनआर कार में सीएनजी किट लगी हुई थी। जिसमें ब्लास्ट होने का खतरा था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि शॉर्ट सर्किट के बाद कार में आग लगी है। कुरुक्षेत्र के रहने वाले गौरव ने बताया कि जब जा रहे थे तो गाड़ी से चिंगारी उठी। उसने तभी गाड़ी साइड में रोक ली। जैसे ही वह अपनी पत्नी के साथ कार से नीचे उतरा तो कार में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार को आग ने अपनी चपेट में ले लिया।

# भारी बर्फबारी से मलारी हाईवे बंद, नीती घाटी में फंसे चार पर्यटकों को निकाला

**चमोली।** नीती घाटी के मलारी फरकिया गांव के बीच चार पर्यटक बर्फ में फंस गए थे। जिनका सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। चारों पर्यटक ऋषिकेश के हैं और 27 दिसंबर से फंसे हैं। चारों को आइटीबीपी कैंप ले जाया गया है। सभी सुरक्षित हैं। बता दें कि मलारी हाइवे बर्फबारी से बंद है।

गोपेश्वर। चीन सीमा पर रिमखिम के पास भारतीय दूर संचार निगम के टावर निर्माण का कार्य कर रहे नौ लोगों के लापता होने पर मंगलवार को दिनभर हेली काप्टर रेस्क्यू हुआ। हालांकि रेस्क्यू के बाद पता चला कि लापता सभी लोग सुरक्षित हैं।

बताया गया कि भारत संचार निगम लिमिटेड सीमा क्षेत्र में मोबाइल टावरों को लगाने का कार्य कर रही है। पेज डिजिटेक कंपनी नौ व्यक्ति मलारी के रिमखिम क्षेत्र में टावर का कार्य करने गए थे। जिसमें राजेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, राकेश सिंह, मनबहादुर, तेज बहादुर, योगा, रामबहादुर, तेग बहादुर, सेर बहादुर आदि शामिल थे।



बताया गया कि 27 दिसंबर से इन लोगों का संपर्क आइटीबीपी सहित किसी से भी नहीं हो रहा था। 30 दिसंबर को इसकी सूचना प्रशासन को देते हुए दुर्घटना की आशंका जताई गई ।

बताया गया कि जिस क्षेत्र में कार्य हो रहा था उस क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई थी। प्रशासन द्वारा मंगलवार को आपदा प्रबंधन की टीम को भेजने की कोशिश की गई, लेकिन जोशीमठ मलारी हाइवे भापकुंड के आगे टीम नहीं जा पाई ऐसे में आपदा प्रबंधन के लिए हेली काप्टर की मांग की गई। बताया गया कि हेलीकॉप्टर में एसडीआरएफ भी मौजूद थी। हवाई सर्वेक्षण के बाद पता चला कि कार्य स्थल के पास एक कैंप है जो बीआरओ का हो सकता है। प्रशासन ने सेना आइटीबीपी व बीआरओ के अधिकारियों से संपर्क कर दोपहर बाद जमीन रेस्क्यू करवाया पता चला कि ये सभी लोग सुरक्षित थे तथा बर्फबारी के दौरान एक गुफा में मौजूद थे। बताया कि इनकी कच्ची झोपड़ियां बर्फ से टूट गई थी। जिला आपदा प्रबधंन अधिकारी नंद किशोरी जोशी ने कहा कि टावर कंपनी का कार्य कर रही प्रतिनिधि रोहित से वार्ता कर सभी के सुरक्षित होने की जानकारी दी गई है।

# जयवर्द्धन कासनिया नैशनल गैम्स में राजस्थान का करेंगे प्रतिनिधित्व, जिले को किया गौरवान्वित

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जिले के होनहार खिलाड़ी जयवर्द्धन कासनिया ने बॉक्सिंग में अपनी अद्वितीय प्रतिभा से पूरे जिले का नाम रोशन किया है। जयवर्द्धन हनुमानगढ़ के एकमात्र बॉक्सर हैं, जिन्होंने आगामी 38वें नैशनल गेम्स में क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 2025 की खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भी अपनी जगह सुनिश्चित की है।

जयवर्द्धन की इस उपलब्धि ने न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। बॉक्सिंग कोच सुनील कुमार व शंकर सिंह नरूका ने बताया कि जयवर्द्धन 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित 38वें नैशनल गेम्स में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा, वह 6 से 13 जनवरी तक उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित 8वीं नैशनल बॉक्सिंग चौम्पियनशिप में भी हिस्सा लेंगे।



जयवर्द्धन की इस सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उनके कोच के बेहतरीन मार्गदर्शन को जाता है। उनके प्रदर्शन ने जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया है, जो खेलों में अपना भविष्य बनाने के सपने देख रहे हैं। जयवर्द्धन ने कहा कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। जयवर्द्धन की इस उपलब्धि पर हनुमानगढ़ जिले में उत्सव का माहौल है। स्थानीय लोगों, खेल प्रेमियों और प्रशासन ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता ने साबित किया है कि प्रतिभा किसी जिले या गांव की मौहताज नही होती, छोटे से शहर के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। हनुमानगढ़ जिले के इस बेटे ने न केवल जिले, बल्कि पूरे राजस्थान का मान बढ़ाया है।

## दो कारों की टक्कर

जनमार्ग न्यूज

**घरौंडा।** हरियाणा के करनाल में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और फॉर्च्यूनर में टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो हवा में उछल गई और सर्विस लेन पार कर खेतों में जा गिरी। जिससे उसकी खिड़कियां जाम हो गईं। उन्हें कटर से काटना पड़ा। हादसे में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा मंगलवार देर रात घरौंडा के कोहंड शनि मंदिर के पास हुआ। स्कॉर्पियो सवार लोग नए साल की पार्टी मनाकर लौट रहे थे, जबकि फॉर्च्यूनर में सवार परिवार वैष्णो देवी से घर लौटते हुए ढाबे से खाना खाकर निकला था। हादसे में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने उन्हें कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के 2 परिवार फॉर्च्यूनर गाड़ी से माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए गए थे। कार में बच्चे भी थे।

# श्रीगौशाला समिति में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह और समुद्र मंथन की कथा

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** श्रीगौशाला समिति में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा वाचक पूज्य श्री मुरलीधर जी माधव ने शिव-पार्वती विवाह और समुद्र मंथन की कथा सुनाई। श्रद्धालुओं ने इस दिव्य प्रसंग को भावविभोर होकर सुना और भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमान सज्जन बंसल डिंगवाला और लोकेश बंसल डिंगवाला ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की। मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कथा वाचन के दौरान पूज्य श्री मुरलीधर जी ने शिव और पार्वती के विवाह की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रसंग केवल शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक नहीं है, बल्कि जीवन में धैर्य, तपस्या और प्रेम की महत्ता को भी दर्शाता है। समुद्र मंथन की कथा के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि कठिन प्रयासों और परिश्रम से ही जीवन में अमृत समान उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। कथा के दौरान भक्ति गीतों और भजनों ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। उपस्थित भक्तों ने मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण किया और भगवान शिव व माता पार्वती से अपने जीवन में सुख-शांति की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा और ज्ञान यज्ञ का आयोजन समाज में आध्यात्मिकता और भक्ति भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी भागवत कथा के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान के आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की।




# मेट्रो स्टेशन पर खड़ा था शख्स, ट्रेन के आते ही सिरफिरे ने दिया धक्का

जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मैनहट्टन में मंगलवार को एक मेट्रो स्टेशन पर व्यक्ति को धक्का देकर ट्रेन के आगे गिरा दिया। एक शख्स को आती हुई ट्रेन के सामने गिराने के आरोप में 23 वर्षीय कमेल हॉकिन्स को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना मंगलवार दोपहर 18वीं स्ट्रीट नंबर 1 स्टेशन के साउथबाउंड प्लेटफॉर्म पर हुई। पीड़ित का नाम अभी तक जारी नहीं किया गया है, उसे बेलेव्यू अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार हॉकिन्स पर हत्या के प्रयास और दूसरी डिग्री में हमले का आरोप लगाया गया है। उसके खिलाफ पहले भी हमला, उत्पीड़न और हथियार रखने के आरोपों में केस दर्ज है।श न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक नारंगी जैकेट पहने एक व्यक्ति अपने फोन को देखते हुए प्लेटफॉर्म के किनारे पर खड़ा दिखाई दे रहा है। एक गहरे रंग के कोट में एक व्यक्ति उसके पीछे से गुजरता है, फिर वापस आकर उसे जोर से धक्का देकर आती हुई ट्रेन के सामने गिरा देता है।



**ट्रेन के नीचे से गंभीर हालत में निकाला गया**

युवक को धक्का देने के अलावा एक और वीडियो में राहतकर्मी ट्रेन के डिब्बों के बीच से घायल व्यक्ति को निकालकर प्लेटफॉर्म पर लाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर उस व्यक्ति को स्ट्रेचर पर लिटाकर बेलेव्यू अस्पताल ले गए। इस घटना के बाद करीब एक घंटे के लिए उस क्षेत्र की बिजली बंद कर दी गई। दोपहर 4 बजे से कुछ पहले सेवा फिर से शुरू हो गई। इस घटना ने मेट्रो में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। हालांकि अधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ाने के उपाय किए हैं लेकिन इस तरह की घटनाएं यात्रियों में डर पैदा करती हैं। यह देखना होगा कि आगे क्या कदम उठाए जाते हैं और क्या वे यात्रियों को सुरक्षित महसूस कराने में सक्षम होंगे। यह घटना न्यूयॉर्क शहर की मेट्रो प्रणाली में सुरक्षा की चुनौतियों को उजागर करती है और इस बात पर बहस छेड़ती है कि इन मुद्दों का समाधान कैसे किया जाए।

# महाकुंभ में ब्लास्ट की धमकी: 1000 हिंदू मारेंगे

## एक्स पर लिखा- तुम सब अपराधी हो...अल्लाह इज ग्रेट

जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** महाकुंभ से पहले बम ब्लास्ट करने की धमकी मिली है। एक्स पर नसर पठान नाम की आईडी से धमकी दी गई है। इसमें लिखा- महाकुंभ में बम ब्लास्ट करेंगे। 1000 हिंदुओं को मारेंगे। इस पोस्ट को विपिन गौर नाम के शख्स ने री-ट्वीट किया है। इसके बाद पुलिस टीमें एक्टिव हुईं। पोस्ट करने वाले शख्स को तलाश जा रहा है। महाकुंभ पर प्रयागराज में 40 करोड़ लोगों को पहुंचना है।

अपशब्द...हिंदू... ऑल ऑफ यू, तुम सब अपराधी हो। इंशा अल्लाह। कुंभ मेला हो रहा है। हम सबको देखो। कम से कम 1000 लोग मरेंगे। ऐसा ब्लास्ट होगा। अल्लाह इज ग्रेट। यह पोस्ट जिस आईडी से की गई है। उसके बायो में लिखा है- मुझे मुस्लिम होने पर गर्व है। कट्टर मुस्लिम। पुलिस उस नंबर और ई-मेल की डिटेल ले रही है। जिस पर ये आईडी बनाई गई है।

इसके बाद बम ब्लास्ट करने की धमकी के मामले में प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर और सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी भेजी गई है। इस मामले में एक लेटर लखनऊ के यूपी-112 मुख्यालय के आपरेशन कमांडर अरविंद कुमार नैन की ओर से जारी किया गया है।

इन अफसरों को भेजी गई कॉपी




1. पुलिस महानिदेशक अभिसूचना, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. अपर पह्नलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
3. अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
4. अपर पुलिस महानिदेशक,ज्ञस् उत्तर प्रदेश, लखनऊ
5. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद कुंभ।

**अब पन्नू की तरफ से मिली धमकी**

इससे पहले सिख फॉर जस्टिस संगठन के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पीलीभीत में 3 खालिस्तानियों के एनकाउंटर का बदला लेने की धमकी दी है। उसकी तरफ से महाकुंभ में प्रमुख स्नान तिथियों- 14 जनवरी (मकर संक्रांति), 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) और 3 फरवरी (बसंत पंचमी) के दिन बदला लेने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इसके बाद महाकुंभ नगर में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा- पन्नू नाम का जो व्यक्ति है, अगर कहीं ये हमारे महाकुम्भ में घुसने की हिम्मत करता है तो इसे मार-मारकर भगाया जाएगा। हमने ऐसे पागल सैकड़ों की संख्या में देखे हैं। यह माघ मेला है, जहां सिख और हिंदू सभी एक हैं। पन्नू ने आपस में विभाजन कराने वाली जो बात की है, वह उचित नहीं है। हमारे यहां नागा साधुओं की तरह उनके (सिखों के) यहां भी नागा साधु होते हैं। ये दोनों एक ही हैं और सनातन के सैनिक हैं।

**अब महाकुंभ की सुरक्षा को भी जाने**

प्रयागराज महाकुंभ की औपचारिक शुरुआत 13 जनवरी, 2025 से होगी। पूरा मेला 4 हजार हेक्टेयर (15,840 बीघा) में बस रहा है। पहली बार 13 किलोमीटर लंबा रिवर फ्रंट बन रहा है। कुंभ के इस मेले में सुरक्षा पर विशेष फोकस किया गया है। पूरे मेले को 25 सेक्टर में बांटा गया है और इसी आधार पर कुल 56 थाने और 144 चौकियां बनाई गई हैं।

इसमें नागरिक पुलिस की संख्या 18479 होगी। 1378 महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। ट्रैफिक पुलिसवालों की संख्या 1405 होगी। सशस्त्र पुलिसकर्मियों की संख्या 1158 होगी। मेले में घुड़सवार पुलिस भी होगी। इनकी संख्या 146 तय की गई है।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्रक में घुसी : एक की मौत, 15 घायल

## गोगामेड़ी से लौटते समय ड्राइवर को नींद की झपकी आई

**कैथल।** हरियाणा के कैथल में नए साल के मौके पर श्रद्धालुओं से भरी पिकअप रोड साइड खड़े ट्रक से टकरा गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। ये सभी लोग राजस्थान में गोगामेड़ी पर माथा टेक कर लौट रहे थे।

मौके से गुजर रहे लोगों ने एक्सीडेंट की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को निकालकर कैथल के सिविल अस्पताल भेजा। वहां से 2 लोगों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। मृतक का आज कैथल अस्पताल में ही पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।






**2 दिन पहले गोगामेड़ी गए थे श्रद्धालु:** घायलों के मुताबिक कुरुक्षेत्र के बोड़ा गांव से एक पिकअप में सवार होकर 16 श्रद्धालु 2 दिन पहले राजस्थान स्थित गोगामेड़ी गए थे। वहां से माथा टेकने के बाद वे बुधवार को वापस आ रहे थे। आज सुबह करीब 7 बजे कैथल में कलायत के पास अचानक ड्राइवर की आंख लग गई और गाड़ी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। इसमें गुरमुख सिंह पुरी (46) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर समेत 15 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सीडेंट के बाद सड़क से गुजर रहे अन्य यात्री मौके पर रुके और पुलिस को इसकी सूचना दी। थोडी देर में पुलिस मौके पर आई। साथ ही एम्बुलेंस भी बुलाई गई।

## पंजाब में फिर होगी बारिश, बढ़ेगी ठंड

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों ने नए साल की शुरुआत कड़ाके की ठंड और कोहरे के साथ की है। मौसम विभाग ने आज (बुधवार) 14 जिलों में कोल्ड डे का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में तापमान में 0.2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि यह राज्य के सामान्य तापमान से 5.1 डिग्री कम है। सबसे ज्यादा 15 डिग्री तापमान गुरदासपुर में दर्ज किया गया है। जबकि चंडीगढ़ में तापमान में काफी गिरावट आई है। यहां तापमान 11.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

# सीएमएस के छात्र ने फांसी लगाई: न्यू ईयर पार्टी के लिए मम्मी से 4 हजार रुपए मांगे थे, बहन के दुपट्टे से लगाया फंदा

जनमार्ग न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के 8वीं के छात्र ने सुसाइड कर लिया है। 14 साल के छात्र ने न्यू ईयर पार्टी मनाने और नए कपड़ों के लिए मम्मी से 4 हजार रुपए मांगे थे। लेकिन मां ने 1500 रुपए दिए, जिससे नाराज होकर बेटे ने फांसी लगा ली। घटना मानक नगर के आरडीएसओ परिसर की है। छात्र पुनीत के पिता उमेश कुमार आरडीएसओ (रेलवे) में सेक्शन इंजीनियर हैं। पिता ने बताया- वह मंगलवार सुबह ऑफिस के लिए निकले थे। घर में पत्नी, बेटी और छोटा बेटा पुनीत थे। पुनीत न्यू ईयर की पार्टी और नए कपड़ों के लिए 4 हजार रुपए मांग रहा था। पत्नी ने 1500 देने की बात कही। इस पर पुनीत नाराज होकर अपने कमरे में चला गया। उमेश कुमार ने बताया- काफी देर तक जब पुनीत रूम से बाहर नहीं निकला तो पत्नी-बेटी समझाने गए, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक खटखटाने पर नहीं खुला तो दरवाजा तोड़कर अंदर गए। देखा तो पुनीत फांसी पर लटका था। उसने बहन के दुपट्?टे से फंदा बनाया और पंखे से लटक गया। पुनीत को लटका देखकर मां की चीख निकल गई। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। आनन-फानन में उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता ने बताया- मेरे दो बेटे हैं। पुनीत दो भाई और एक बहन के बीच सबसे छोटा था। बड़ा बेटा सुमित कोटा में रहकर तैयारी कर रहा है। किसी को इस बात की भनक नहीं थी कि पुनीत ऐसा कदम उठा लेगा। मौत के बाद से ही पत्नी बार-बार बेहोश हो जा रही है।


मृतक- पुनीत

# सुप्रीम कोर्ट कमेटी की बैठक में शामिल नहीं होगा एसकेएम

- संयुक्त किसान मोर्चे ने पहले फैसले को बदला

**जनमार्ग न्यूज**

**चंडीगढ़।** शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की तीन जनवरी को होने वाली मीटिंग में संयुक्त किसान मोर्चे (एसकेएम) के नेता शामिल नहीं होंगे। उनकी तरफ से शंभू और खनौरी मोर्चे में कोई भूमिका न होने के चलते यह फैसला लिया गया है। हालांकि पहले दावा किया गया था कि संयुक्त किसान मोर्चे के नेता मीटिंग में शामिल होंगे। मीडिया से बातचीत हरिंदर सिंह लखोवाल ने बताया कि जो पत्र आया है, उसमें रास्तों को खोलने के बारे में किसानों को मनाने जैसे मुद्दे हैं। जबकि यह बात भी गलत है, कि रास्ते किसानों ने रोक रखे हैं, रास्ते तो सरकार ने बंद कर रखे हैं। जबकि किसानों की मांगों को लेकर कोई जिक्र नहीं है। ऐसे में हमने मीटिंग में नहीं जाने का फैसला लिया है। करीब 4 दिन पहले यह बात सामने आई थी कि हाई पावर कमेटी ने पंचकूला के रेस्ट हाउस में तीन जनवरी मीटिंग बुलाई है। जैसे यह न्योता आया था, उसके बाद संयुक्त किसान मोर्चे के नेताओं का बयान आया था कि वह इस मीटिंग में शामिल होंगे। साथ ही किसानों से जुड़े सारे तथ्य कमेटी के सामने रखे जाएंगे। हालांकि सूत्रों की माने तो इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में चर्चा शुरू हो गई थी कि यह एसकेएम आंदोलन में शामिल नहीं है। ऐसे में मीटिंग में क्यों जा रहा है। जबकि एसकेएम के नेता भी इस चीज से सहमत नहीं थे। ऐसे में किसान नेताओं ने पीछे हटने का फैसला लिया है। दूसरी तरफ भाजपा नेता हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा था सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के सामने पेश होना चाहिए। यह कमेटी अहम है।



## नशीली गोलियां ले जाते युवक काबू

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** पुरानी आबादी में मल्टीपरपज स्कूल के समीप आज दोपहर पुलिस ने कार में जा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया,जिसके कब्जे से प्रेगाबलीन की 3000 गोलियां बरामद हुईं। यह गोलियां नशा करने वाले नशे के लिए इस्तेमाल करते हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि पुरानी आबादी थाना प्रभारी सीआई अजय कुमार की टीम ने आज निकटवर्ती गांव मोहनपुरा निवासी हरमंदिरसिंह उर्फ गोरा मजहबी सिख (36)को एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार में जाते हुए पकड़ा।

# भाजपा की पूर्व विधायक सिद्धि कुमारी को झटका

**जनमार्ग न्यूज**



**बीकानेर।** बीकानेर के पूर्व राजघराने के संपत्ति विवाद को लेकर बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी को बड़ा झटका लगा है। कुछ समय पूर्व देवस्थान विभाग ने भाजपा विधायक सिद्धि कुमारी के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन अब उसी देवस्थान विभाग ने अपने ही फैसले को पलट दिया है। जिससे एक बार फिर राज्यश्री कुमारी के प्रभाव वाले ट्रस्ट को मजबूती मिल गई है। देवस्थान विभाग ने पिछले दिनों दिए अपने एक आदेश में मुंबई हाईकोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए लिखा है कि राज्यश्री कुमारी उक्त परिवार की वरिष्ठतम सदस्य हैं। ट्रस्ट में मौजूदा राज्यश्री कुमारी, मधुलिका कुमारी, रीमा हुजा एवं हनुवंत सिंह वर्किंग ट्रस्टी व सिद्धि कुमारी पंजीबद्ध ट्रस्टी देवस्थान विभाग में दर्ज है। उनके द्वारा सिद्धि कुमारी ट्रस्टी पद से हटाए जाने का प्रस्ताव बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की मीटिंग में पारित रिकार्ड पर है। परंतु इस तथ्य को इग्नोर कर देवस्थान विभाग के अधीनस्थ कार्यालय ने अकेले सिद्धि कुमारी के अधिवक्ता के वाक्यों को सही मानकर स्वीकार किया है। जो विधि सम्मत नहीं है। तब आवेदन करने वाले हनुवंत सिंह के हस्ताक्षर को स्वीकार नहीं किया गया, ऐसे में देवस्थान विभाग के आयुक्त ने सवाल उठाया है कि हनुवंत सिंह के हस्ताक्षर को मान्यता नहीं देने के कारण बताए बिना ही निर्णय कर दिया गया। देवस्थान विभाग के आयुक्त ने अपने निर्णय में साफ कहा है कि अधीनस्थ कार्यालय ने तथ्य को इग्नोर करते हुए आदेश कर दिए, जो विधि विरुद्ध है। देवस्थान विभाग के आयुक्त वासुदेव मालावत ने पूर्व में हुए देवस्थान विभाग के आदेश को निरस्त कर दिया है। इस आदेश को विधि विरुद्ध बताते हुए निरस्त करने के आदेश दिए गए हैं।

## कीटनाशक दवा के दुष्प्रभाव से युवक की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में भादरा थाना क्षेत्र में एक युवक की कीटनाशक दवा के दुष्प्रभाव से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार गांव मोठसरा निवासी सुनील मेघवाल (18) को विगत 26 दिसंबर को बेहोशी की हालत में अस्पताल में लाया गया था। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। सुनील की इलाज के दौरान कल मंगलवार को मृत्यु हो गई। उसके एक परिवारजन देवीलाल मेघवाल (55)निवासी मोठसरा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है।

## फांसी लगाकर आत्महत्या

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** घमूडवाली थाना क्षेत्र में एक अधेड़ ने अपने घर के बाडे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय रामपाल जाट की लाश कल दोपहर उसके घर के नजदीक बड़े में फंदे पर लटकते हुए मिली। परिवार वालों को रामपाल के खुदकुशी कर लेने का पता नहीं चला। बाद में जब उन्होंने उसकी लाश फंदे पर लटकते हुए देखी तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर गई पुलिस ने लाश को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। मृतक के भाई अमरचंद द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है ।पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी गई। रामपाल द्वारा आत्महत्या करने के कारण की जांच की जा रही है। अभी तक कोई कारण सामने नहीं आया है।

# गुरु गोबिंदसिंह जयंती पर कार्यक्रम 4 से

- अमृतसर के रागी जत्थे करेंगे गुरु महिमा का गान

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** गुरु गोबिंदसिंह की जयंती के उपलक्ष्य में शहर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में चार जनवरी से छह जनवरी तक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का आयोजन किया जाएगा तथा कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। गुरुद्वारा परिसर में इन दिनों आयोजन की तैयारियां की जा रही है। सेवादार आयोजन के लिए व्यवस्थाएं करने में जुटे हुए हैं। इस दिन गुरुद्वारे में आने श्रद्धालुओं के बैठने, लंगर आदि के लिए सेवादारों को जिम्मेदारी दी गई है। गुरुद्वारे में चार जनवरी को अखंड पाठ शुरू होंगे। इसके बाद पांच जनवरी को निशान साहिब के चोले की सेवा की जाएगी। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा के सेवादार गुरविंद्रसिंह ने बताया कि छह जनवरी को अखंड पाठ के भोग के बाद मुख्य आयोजन होगा। इस दिन सजने वाले दीवान में अमृतसर के भाई सुखवंतजीत सिंह , रावला के भाई गुरमीत सिंह, भाई हरनेक सिंह और भाई नौनिहाल सिंह गुरु महिमा का गान करेंगे। इस दिन गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। गुरुद्वारे में होने वाले आयोजन के लिए सेवादार व्यवस्थाएं कर रहे हैं। गुरुद्वारे के बाहर वाहन और यातायात व्यवस्था, लंगर तैयार करने के लिए श्रद्धालुओं को दायित्व दिए गए हैं।



## मानसिक परेशानी के चलते कीटनाशक का सेवन

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** मुकलावा थाना क्षेत्र के गांव कुम्हारांवाली में 48 वर्ष के एक शख्स ने मानसिक परेशानी के चलते कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार दीपक कुम्हार द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके पिता रामकुमार की कीटनाशक दवा के सेवन से मृत्यु होने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए दीपक ने बताया कि उसके पिता लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने मानसिक रूप से परेशान होकर कीटनाशक दवा का कल मंगलवार को सेवेन कर लिया, जिससे मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी। पुलिस ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** लिव इन रिलेशनशिप में अपने साथ रह रही युवती के चले जाने के बाद मानसिक रूप से परेशान हुए एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना हनुमानगढ़ जिले के गोलूवाला थाना क्षेत्र के गांव खोथांवाली की है। घटना की जांच कर रहे एएसआई सतीश कुमार चौहान ने बताया कि इस गांव में रहने वाले 20 वर्षीय मोनू कुम्हार (पुत्र डिप्टी प्रसाद) ने सोमवार-मंगलवार की रात को घर के एक कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवार वालों को मंगलवार सुबह उठने पर पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर कार्यवाही की। जांच अधिकारी के अनुसार मोनू पेंटर का काम करता था। उसके साथ हनुमानगढ़ जिले के ही गांव सहजीपुरा की एक युवती लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी, जो कि कुछ दिन पहले वापस अपने गांव चली गई। इसके बाद मोनू मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। उसके भाई विकास द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रातःकालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-

Web:- www.janmarg.com

Youtube:- Janmarg News

# इलेक्ट्रॉनिक का सामान चोरी करने के संदेह में तीन युवक काबू

- पुलिस दर्ज कर रही है मुकदमे
- सामान खरीदने वालों पर भी पुलिस की नजर

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में गोल बाजार सहित शहर के विभिन्न इलाकों में पिछले कई दिनों से दुकानों के बाहर तथा अंदर से महंगी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं चोरी कर ले जाने वालों को पुलिस ने दबोच लिया है। तीन युवकों को संदेह के आधार पर पकड़ा गया है। पुलिस का कहना है कि इनमें से दो युवक वारदातों में शामिल रहे हैं। तीसरे युवक के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस बीच पुलिस ने दुकानदारों से प्रार्थना पत्र लेकर चोरी के मामले दर्ज करने शुरू कर दिए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल देर रात को अंकित, साहिल और शिवा नामक युवकों को काबू किया गया। इन युवकों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। वहीं इनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद करने के प्रयास भी चल रहे हैं। पुलिस की उन लोगों पर भी नजर है, जिन्होंने इन युवकों से महंगी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं बहुत ही कम दामों में खरीदी हैं। आज दूसरे दिन भी संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष तरसेम गुप्ता की अगुवाई में काफी संख्या में पीड़ित दुकानदार कोतवाली में पहुंचे। दुकानदारों की कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह से बातचीत हुई ।उन्होंने बताया कि कल रात को तीन युवकों को पकड़ लिया गया है। जल्दी ही सारी वारदातों का खुलासा हो जाएगा। कोतवाल ने पीड़ित दुकानदारों को अपने चोरी हुए सामान की रिपोर्ट देने के लिए कहा। कोतवाल ने बताया कि उक्त चोरों को पकड़ने के लिए कल दोपहर बाद ही 10 पुलिस कर्मियों की टीम गठित कर दी गई थी।




## टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** 11 हजार वोल्टेज वाली बिजली लाइन की तार टूटकर गिरी हुई थी। अंधेरे में दिखाई नहीं देने पर एक व्यक्ति उसकी चपेट में आ गया, जिसकी मृत्यु हो गई। यह हादसा बीकानेर जिले के हदां थाना क्षेत्र के गांव सियाणा में घटित हुआ है ।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान स्वरूपसिंह राजपूत (30) निवासी सियाणा के रूप में हुई है। उसके चचेरे भाई हरिसिंह ने रिपोर्ट देते बताया कि स्वरूप सिंह 30 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे जा रहा था। रास्ते में 11000 वोल्टेज वाली बिजली लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। अंधेरा होने की वजह से उसे दिखाई नहीं दिया। तार पर पैर पड़ने से उसे करंट लग गया और उसका पूरा शरीर झुलस गया। पुलिस के अनुसार स्वरूपसिंह को अस्पताल में लाया गया लेकिन इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम होने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई।

# स्कूलों में अवकाश, ठंड में ठिठुर रहे आंगनबाड़ी के मासूम

- सर्दी से बचाव के लिए नहीं हैं कोई इंतजाम

**जनमार्ग न्यूज।**



**हनुमानगढ़।** सर्दी का सितम जारी है। बावजूद इसके नन्हे-मुन्ने बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बुलाया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों पर कोई इन्तजाम नहीं होने के कारण नन्हे-मुन्ने बच्चे ठिठुरते रहते हैं। ठंड के कारण अभिभावक भी बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में भेजने से कतराते हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूलों की तरह आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों की भी छुट्टी की जाए। वार्ड 36 सी आंगनवाड़ी केन्द्र की पुष्पा अरोड़ा ने बताया कि उनके आंगनवाड़ी केन्द्र में कुल 43 बच्चे हैं। कड़ाके की सर्दी के कारण अधिकतर बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्र में नहीं आ रहे। कुछ बच्चों को वे बुलाकर भी लाते हैं, लेकिन आंगनवाड़ी केन्द्र में ठंड से बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण बच्चे ठंड में ठिठुरते रहते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से होने के कारण इन बच्चों में से कईयों के पास स्वेटर तो कईयों के पास जूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र का उद्देश्य है कि बच्चों का कुपोषण दूर हो सके। बच्चे शिक्षा से वंचित न रहें। स्कूल में जाने से पहले कुछ शिक्षित हो जाएं और बैठना सीख जाएं। उनका प्रयास रहता है कि बच्चों को लिखना-पढ़ना सिखाएं और व्यवस्थित रूप से बैठाएं, लेकिन वे सर्दी के कारण बैठ नहीं पाते। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों की छुट्टियां करने के लिए अधिकारियों से कहा गया है। आंगनवाड़ी 35 सी की कार्यकर्ता आशा देवी ने बताया कि जब वे बच्चों को घर से लाने के लिए जाते हैं तो अभिभावक कहते हैं कि इतनी ठंड में जब बड़े बच्चों के स्कूलों की छुट्टियां चल रही हैं तो आंगनवाड़ी के बच्चों की छुट्टी क्यों नहीं की जा रही। इस कारण अभिभावक अपने बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र पर नहीं भेजते। उन्हें भी बच्चों को लाने व घर तक छोड़कर आने में परेशानी होती है।

## खेत में युवती की संदेहास्पद मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** बीकानेर जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय एक युवती की खेत में संदिग्ध हालत में मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक युवती की पहचान कविता निवासी चक 4-केडब्ल्यूएम के रूप में हुई है। इस गांव के निवासी रतिराम ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसने श्योपतराम गोदारा का खेत 7-8 साल से काश्त करने के लिए ले रखा है। विगत 29 दिसंबर की सुबह वह और उसकी पत्नी खेत में खरपतवारनाशक दवा का छिड़काव कर रहे थे। उस समय हवा सामने की दिशा से उनकी तरफ ही चल रही थी। कुछ देर बाद वह और उसकी पत्नी चाय पीने के लिए घर चले गए ।लगभग 10 मिनट बाद वापस आए तो उसकी पुत्री कविता स्प्रे मशीन के पास बेहोश हालत में गिरी हुई थी। वह उसे तुरंत खाजूवाला के सरकारी अस्पताल में लेकर आए। डॉक्टरों ने उपचार देने के बाद हालत गंभीर देखते हुए बीकानेर रैफर कर दिया। बीकानेर में उसकी सोमवार को मृत्यु हो गई।

# इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी से अश्लील वीडियो बेचकर डॉलर कमाने वाला गिरफ्तार

- एक लैपटॉप और पांच मोबाइल फोन बरामद
- बड़ी संख्या में मिले अश्लील वीडियो

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में रावतसर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर लगभग 350 फर्जी आईडी बनाकर महिलाओं और बच्चों के अश्लील वीडियो लिंक शेयर कर अमेरिकन डॉलर कमा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया कि रावतसर के वार्ड नंबर 7 निवासी प्रमोद उर्फ पीकू नायक (20) को कल देर रात सब इंस्पेक्टर इमीचंद की टीम ने गिरफ्तार किया। उसके पास एक बैग में एक लैपटॉप और पांच मोबाइल फोन मिले हैं। इनमें एक आईफोन है। लैपटॉप और मोबाइल फोन में काफी संख्या में महिलाओं और बच्चों के अश्लील वीडियो मिले हैं। वह काफी समय से अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम लिंक शेयर से बचकर अमेरिकन डॉलर में कमाई कर रहा था। अभी तक उसके द्वारा अमेरिकन डॉलर के अनुसार भारतीय मुद्रा में लगभग डेढ़ लाख रूपए कमाने के साक्ष्य मिले हैं। प्रमोद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4), 61 (2) (ए) 294 (2)(ए) और आईटी एक्ट की धारा 67, 67- ए और 67-बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच थाना प्रभारी सीआई रामचंद्र कस्वां कर रहे हैं। प्रमोद को काबू करने वाली पुलिस टीम में हवलदार अमरसिंह, सिपाही मोहनसिंह, रवि तथा श्योपतराम भी शामिल रहे। पुलिस के मुताबिक प्रमोद उर्फ पीकू ने रावतसर में रामलीला मैदान के नजदीक पार्क के पास कृष्ण लाल कस्वां की दुकान के ऊपर बने मकान को किराए पर ले रखा है। वह शिव तिरपाल भंडार के नाम से दुकान करता है। इसकी आड़ में बच्चों तथा औरतों के अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम और टेलीग्राम ऐप से लिंक शेयर कर साइबर फ्रॉड करते हुए पैसा कमा रहा था। वह चार-पांच दिन से अपने घर पर था। कल रात उक्त टीम को सूचना मिली कि वह एक कैरी बैग लेकर खेत्रपाल मंदिर से मेगा हाईवे होते हुए पैदल अपनी किराए पर ली हुई दुकान की तरफ जा रहा है। पुलिस टीम ने उसे रास्ते में काबू कर लिया। तलाशी लेने पर एचपी कंपनी का एक लैपटॉप, एक आईफोन, दो ओप्पो कंपनी के फोन तथा दो अन्य कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद हुए। थाने में लाकर प्रमोद से पूछताछ की गई और उसके लैपटॉप व मोबाइल फोन को पुलिस की साइबर टीम द्वारा खंगाला गया। पूछताछ में प्रमोद ने बताया कि उसने लैपटॉप से 300- 350 फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई हुई हैं। अश्लील वीडियो लिंक शेयर करने के बदले उसे अमेरिकन डॉलर में पेमेंट होती है।



# पुलिस मुख्यालय में आज मनाया जाएगा स्नेह मिलन समारोह

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस कर्मियों तथा समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। साहू ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अपने शुभकामना संदेश में सभी पुलिसकर्मियों से नए साल में जन सुरक्षा एवं अपराधों की रोकथाम के लिए प्रखरता, पूर्ण निष्ठा, लगन व ततपरता से अपना फर्ज निभाते हुए जनता की सेवा का संकल्प लेने का आव्हान किया। साहू ने कहा कि नववर्ष 2025 के अवसर पर मैं राजस्थान पुलिस के जवानों, अधिकारियों और उनके परिजनों सहित सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देता हूँ। हमारी प्रकृति और परम्परा यही रही है कि जीवन में जब भी कुछ नया घटित होता है तो हम अपने योगदान से आने वाले कल को पहले से बेहतर बनाने के लिए सदैव बढ़-चढ़कर प्रयास करते हैं। डीजीपी ने कहा कि नए साल का आगमन हमारे लिए अधिक सजगता एवं प्रतिबद्धता के साथ देश, प्रदेश और समाज की सेवा के लिए, खुद को समर्पित करने का ऐसा ही सुअवसर है। नए साल में हम सभी इसी भावना के साथ जनसुरक्षा एवं अपराधों की रोकथाम के लिए पूर्ण निष्ठा व लगन से अपना फर्ज निभाते हुए जनता की सेवा का संकल्प लें। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) विशाल बंसल ने बताया कि 2 जनवरी सुबह 10.30 बजे से पुलिस मुख्यालय के मुख्य पोर्च के सामने स्थित लॉन पर नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय में कार्यरत समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पुलिस मुख्यालय से बाहर जयपुर शहर में कार्यरत समस्त भारतीय पुलिस सेवा तथा राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी शामिल होंगे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692